जयपुर, बुधवार, 29 मई 24 • वर्ष 13 • अंक 272 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2024 सम्पन्न...

पेज @5 सुनसान इलाकों में लूट की वारदात करने वाली गैंग का पुलिस...

पेज @8 » सार्वजनिक निर्माण विभाग के सीटी डिविजनों में पेंडिंग...

न्यूज़ अपडेट

## माउंट एवरेस्ट चढ़ने के लिए उमड़ा जनसैलाब, पहाड़ पर लगा लंबा जाम देख उड़ जाएंगे होश



**नई दिल्ली/एजेंसी।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया पर माउंट एवरेस्ट का एक वीडियो इन दिनों तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पहाड़ चढ़ने वालों की लंबी-लंबी कतारें दिख रही है। वीडियो देखने से ऐसे लग रहा है जैसे लोग किसी शहर की रोड पर जाम में फंसे हो।

## रंजीत हत्याकांड में डेरा प्रमुख राम रहीम बरी



**चंडीगढ़/एजेंसी।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख बाबा गुरमीत राम रहीम को लेकर बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। डेरे के पूर्व मैनेजर रंजीत हत्याकांड मामले में डेरा मुखी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया है। इस मामले में डेरा मुखी सहित 5 दोषियों को बरी किया। जानकारी के अनुसार, 22 साल पुराना यह मामला है, जिसमें 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा मुखी राम रहीम को दोषी करार दिया था। रामरहीम फिलहाल, जेल में बंद है और पत्रकार हत्याकांड और साध्वी रेप केस में उसे सजा हुई है।

10 जुलाई 2002 का यह मामला है। डेरे की प्रबंधन समिति के सदस्य रहे कुरुक्षेत्र के रणजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डेरा प्रबंधन को शक था कि रणजीत सिंह ने साध्वी यौन शोषण की गुमनाम चिट्ठी अपनी बहन से ही लिखवाई थी।

# चक्रवात रेमल ने मचाई तबाही, खदान ढहने से 12 लोगों की मौत, कई लापता

**आइज़ोल/एजेंसी।**

मिजोरम के आइजोल जिले में मंगलवार को चक्रवात रेमल के कारण हुई लगातार बारिश से एक पत्थर की खदान ढह गई। इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई लोगों के लापता होने की भी खबर है। आपदा प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों ने इस हादसे की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक दस शव बरामद किए जा चुके हैं और कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं।

जिला प्रबंधन के अधिकारी व कर्मी, पुलिस व अन्य स्थानीय लोग फंसे हुए लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। एक आपदा प्रबंधन अधिकारी ने कहा कि भारी बारिश और तेज हवा से बचाव कार्यों में परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि मलबे के नीचे कितने लोग फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ितों में से सात स्थानीय हैं, जबकि बाकी लोग राज्य के बाहर के हैं।



वहीं कई अन्य जिलों से बारिश के कारण भूस्खलन की खबरें सामने आ रही हैं, अन्य जगहों पर कम से कम दो लोगों की मौत हुई है। जिलों के बीच वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई है। भारी भूस्खलन और भारी बारिश के कारण कई इमारतें, घर, सड×कें और पुल बह गए हैं। पहाड़ी राज्य की जीवन रेखा राष्ट्रीय राजमार्ग 6 पर कई जगह भूस्खलन के कारण मिजोरम की राजधानी आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया है। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने राज्य के गृह मंत्री के. सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक करते हुए स्थिति की समीक्षा की। मिजोरम के मुख्यमंत्री ने प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए 15 करोड़ रुपये के फंड की घोषणा की है और भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की बात कही है। भारी बारिश के चलते सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं और आपातकालीन और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों को छोड×कर सभी सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा गया है। वहीं, रेमल तूफान ने पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में भी तबाही मचा दी है। इसकी वजह से बंगाल से लेकर बांग्लादेश में लोगों को भारी बारिश का सामना करना पड़ रहा है। रेमल तूफान बांग्लादेश के तट से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से टकराया। वहीं रेमल तूफान की वजह से हुई भारी बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## भोपाल में 2 लोगों की मौत, हीट स्ट्रोक की आशंका

**भोपाल/एजेंसी।** नौतपा के चौथे दिन भोपाल में तापमान 45.1 डिग्री दर्ज किया गया। इस बीच शहर में दो लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं। आशंका है कि उनकी मौत हीट स्ट्रोक से हुई है।

पहला मामला भोपाल नगर निगम में ठेकेदार अजय प्रधान (36) की मौत का है। वे सोमवार दोपहर 3 बजे वाहन में बैठे थे, तभी अचानक बे-होश हो गए। उनके मुंह से झाग आने लगा। अस्पताल ले गए तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दूसरे मामले में 57 वर्षीय धीरेंद्र कुमार सोमवार दोपहर लालघाटी से अपने घर अशोका गार्डन जा रहे थे। तभी बेहोश होकर गिर पड़े। उनके मुंह से भी झाग आने लगा। अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों शवों का मंगलवार को पोस्टमॉर्टम कराया गया। मौत के सही कारण पीएम रिपोर्ट आने पर पता चलेंगे।

# झारखंड : जेएमएम ने आपके थाली का राशन लूटा है: पीएम मोदी

**दुमका/एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दुमका में उनकी चुनावी जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी दुमका से सीता सोरेन, गोड्डा से निशिकांत दुबे और राजमहल से ताला मरांडी के लिए वोट की अपील की.

चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस और खटट पर जमकर निशाना साधा. इस दौरान उन्होंने फिर से मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया. पीएम मोदी ने कहा, मुझे मेरे एक साथी बता रहे थे कि लव जिहाद शब्द पहली बार झारखंड में आया. झारखंड वालों ने ये शब्द दिया है. हमारे देश में रविवार को छुट्टी होती है. जब अंग्रेज यहां राज करते थे तो ईसाई समाज छुट्टी मनाता है, ये परंपरा तब से शुरू हुई. रविवार हिंदुओं से जुड़ा नहीं है, ईसाई समाज से जुड़ा है. 200-300 साल से यह चल रहा है. अब इन्होंने एक जिले में रविवार की छुट्टी पर ताले लगवा दिए, बोले शुक्रवार की छुट्टी होगी. अब ईसाइयों से भी झगड़ा. ये क्या चल रहा है? लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के दुमका में चुनावी





सभा को संबोधित किया. पीएम नरेंद्र मोदी ने संताली भाषा में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि सब के प्रणाम,अपना सिनी के प्रणाम, बाबा तिलका मांझी सिंधु कान्हू, फूलों झानो की वीर संथाल भूमि को नमन. पीएम मोदी ने कहा कि संथाल की ये धरतीं क्रांति की धरतीं है. देश के लिए जीने मरने वालों की धरती है. आपके आशीर्वाद ने ये पक्का कर दिया कि फिर 1 बार मोदी सरकार. मैं विश्वास दिलाता हो अगर हमें आशीर्वाद देंगे तो आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा. मैं विकास के रूप में उस आशीर्वाद को लौटा दूंगा. पीएम मोदी ने कहा कि मोदी जी को आने से रोज घोटाले होते थे. कांग्रेस गरीबों के नाम पर पैसे लुटती थी. मोदी ने आकर सब बंद कर दिया. आज जनता का पैसा जनता के हक में खर्च हो रहा. पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकार ने जिन्हें पूछा नहीं उन्हें हमने पूजा. जो काम 10 साल में हुआ है. अब आगे 5 साल और आगे बढ़ाना है. सरकार बनने के बाद 3 करोड़ और पक्के के मकान बनेंगे. गरीबो को मकान मिलेंगे. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मेरा एक काम कीजिये, कोई कच्चे मकान में मिले तो उसका नाम पता लिख कर आप मुझे भेज देना और उस परिवार को गारंटी दे देना की जब 3 करोड़ घर बनेगा तो उसे हम देंगे. मेरे तरफ से गारंटी दे देना.

अपने सम्बोधन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपके घर पर सोलर लगाने के लिए मोदी 75 हज़ार देगा. ताकि आपको बिजली बिल न लगे. इसी सब काम के लिए मोदी को आशीर्वाद चाहिए. वो मोदी को हटा कर घोटाला करना चाहते हैं. झारखंड में किसी के पास 35 करोड़ तो किसी के पास 300 करोड़ कैश मिलता है. आप उन्हें गरीबो का हक लूटने देगे क्या? जेएमएम कांग्रेस झारखंड को लूट रही है. पीएम ने कहा कि मैं तो देश का प्रधानमंत्री हूं न, वहीं मैं 13 सालों तक मुख्यमंत्री रहा लेकिन, मैंने कभी अपनी आंखों से सामने से इतने बड़े नोटों के पहाड़ नहीं देखा था, पहली बार टीवी पर ही इतने बड़े नोटों का पह-ाड़ देखा. पीएम मोदी ने कहा कि इन्होंने जमीन हड़पने का लिए अपने माता पिता का नाम बदल दिया. जेएमएम ने आपके थाली का राशन लूटा है. इनको शर्म नहीं आ रही. जल जीवन मिशन में भी इन्होंने भ्रष्टाचार किया. जेएमएम और कांग्रेस वालों के यहां नोटों के पहाड़ पकड़े जा रहे हैं. आप जानते हैं, ये पैसा कहां से आ रहा है? ये पैसा आ रहा है शराब के घोटाले से, ये पैसा आ रहा है करोड़ों रुपयों के टेंडर के घोटाले से, ये पैसा आ रहा है खान-खनिज-खनन घोटाले से.

## डॉक्टरों ने बनाया रिकॉर्ड, 3 मिनट के अंदर बच्ची के फेफड़े में फंसी 4सेमी लंबी सूई को इस तरह निकाला बाहर

**तंजावुर/एजेंसी।** तमिलनाडु के तंजावुर में एक 14 साल की बच्ची ने ड्रेसिंग करते समय सुई निगल ली। जिसके बाद बच्ची के घरवाले डर गए। जिसके बाद बच्ची को एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। जिसके बाद डाक्टरों ने 3 मिनट के अंदर बच्ची के फेफड़े में फंसी 4ष्टरू की लंबी सूई को बाहर निकाल दिया। दरअसल, यहां एक 14 साल की बच्ची ने ड्रेसिंग करते समय ये सुई निगल ली थी। हालांकि, मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉक्टरों ने महज साढ़े 3 मिनट के अंदर बच्ची के फेफड़ों से चार सेंटीमीटर लंबी सुई को निकाल डाला। श्रीकामची मेडिकल सेंटर के डॉक्टरों ने ब्रोंकोस्कोपी नाम की एक आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर बच्ची के फेफड़ों से सुई निकाली है। इसमें सबसे हैरान कर देने वाली बात यह थी कि डॉक्टरों ने 14 साल की लड×की के फेफड़े से बिना चाकू के चार सेंटीमीटर लंबी सुई निकालकर रिकॉर्ड बनाया है।

## रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर : मुख्यमंत्री योगी'



**गोरखपुर/एजेंसी ।**

- लोकसभा का ये चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच : योगी'
- 'कांग्रेस व सपा को जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेने वाला नहीं होगा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को रामद्रोही बताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। बकौल मुख्यमंत्री, एक तरफ भगवान राम को नकारने वाले, रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले, राम मंदिर को बेकार बनाने वाले लोग हैं तो दूसरी तरह पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त कराकर प्रभु श्रीरामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान कराने वाले लोग हैं। राम मंदिर पूरे भारत की सनातन आस्था का प्रतीक है इसलिए आज पूरे देश मे एक ही स्वर सुनाई पड़ रहा है, ₹रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर₹। तुष्टिकरण की राह पर चलने वाली कांग्रेस और सपा को देश की जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेने वाला नहीं होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पूर्वाह्न पीपीगंज में गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में वह प्रचार के लिए देश मे जहां भी गए, हर जगह लोग मोदी जी को भरपूर समर्थन देते मिले। हर क्षेत्र से एक ही आवाज गूंज रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो राम मंदिर पूरे भारतवर्ष के लोगों के लिए गौरव है, उसे लेकर कांग्रेस कहती है कि यह मंदिर नहीं बनना चाहिए था इससे दुनिया में गलत संदेश गया है। वहीं समाजवादी पार्टी कहती है कि राम मंदिर बेकार बना है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने इन बयानों के लिए कांग्रेस-सपा पर प्रहार करते हुए कहा राम मंदिर तो ठीक बना है लेकिन राम मंदिर को बेकार बताने वाले लोगों की बुद्धि में भूसा भर गया है।

# चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी: राहुल गांधी

**लखनऊ/एजेंसी।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज कुशीनगर में इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिन्टू के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा की। अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बासगांव में इंडिया गठबंधन कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी सदल प्रसाद और वाराणसी से इंडिया गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित कर प्रत्याशियों को भारी वोटों से जिताने की अपील की।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कुशीनगर में आयोजित जनसभा में कहा है कि भाजपा सरकार के खिलाफ जनता की नाराजगी सड×कों पर दिख रही है। भाजपा ने दस सालों में सभी के साथ धोखा किया है। किसी को भी नहीं छोड़ा है। हर वर्ग के साथ भेदभाव किया है। भाजपा संविधान बदलना चाहती है। यही संविधान न्याय, अधिकार, सम्मान, नौकरी दिलाता है। भेदभाव खत्म करता है। बाबा साहब का संविधान हम सबके लिए संजीवनी है। यह संविधान आगे बढ़ने का अवसर देता है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की नीयत ठीक नहीं है। इस लड़ाई में एक तरफ संविधान बचाने के लिए हम



इंडिया गठबंधन के लोग है वहीं दूसरी तरफ संविधान बदलने की बात करने वाले भाजपा के लोग है। इस लोकसभा चुनाव में जनता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी हो गयी है। पहले चरण के चुनाव से ही जनता ने भाजपा के सफाये का मन बना लिया था। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा जनता ने भाजपा का सफाया कर दिया है। सातवें चरण में भाजपा पूरी तरह साफ हो जाएगी।कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के साथ विश्वासघात किया है। भाजपा सरकार ने किसान, नौजवान सभी को ठगने का काम किया। धोखा दिया। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया। आय दोगनी नहीं हुई लेकिन खेती का लागत मूल्य बढ़ा दिया। खेती सम्बन्धित जरूरत का हर सामान महंगा कर दिया। कीटनाशक दवा डीजल, पेट्रोल, खाद सब महंगा कर दिया। गन्ने का किसान पूरी लागत लगा रहा है, लेकिन कीमत नहीं मिली। अन्य फसलों की भी कीमत नहीं मिली। उत्तर प्रदेश में गन्ने की कीमत दूसरे प्रदेशों से कम है। इंडिया गठबंधन सरकार किसानों के कर्ज माफ करेगी, साथ ही फसलों की सही कीमत दिलाएगी। जिससे किसानों के घर खुशहाली आये।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी कहते है उन्हें परमात्मा ने भेजा है। तो क्या परमात्मा ने उन्हें सिर्फ अडानी की मदद के लिए भेजा है। किसानों, मजदूरों की मदद के लिए नहीं भेजा है। क्या नरेन्द्र मोदी के परमात्मा ने कहा कि उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दो, अडानी को एयरपोर्ट दे दो। ये अडानी, अम्बानी की मदद करते है। चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। गरीब महिलाओं की लिस्ट बनेगी। परिवार की महिला के खाते में हर साल एक लाख रुपये देंगे। हर महीने उनके खाते में रुपया डालेंगे। किसानों का कर्ज माफ करेंगे। तीस लाख सरकारी नौकरियों की भर्ती करेंगे।

# किसकी बनेगी सरकार, किसको खारिज करेगी देश की जनता?

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का छठा चरण 25 मई को संपन्न होने के साथ ही देश के राजनीतिक विश्लेषक, आमजन, चौक–चौराहों के चौपाल विशेषज्ञ, छोटे–बड़े ज्योतिषी वगैरह, सभी अपने–अपने तरीके से चुनाव नतीजों को लेकर अपना निष्कर्ष देने लगे हैं। अब तो सिर्फ एक चरण का मतदान ही शेष है। आगामी 1 जून को अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद देश को 4 जून की दोपहर तक ही पता चल जाएगा कि भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, कौन सी राजनीतिक पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी और एनडीए को या इंडी गठबंधन को कितनी सीटें मिल रही हैं। हालांकि अभी तक अधिकतर जानकारों का यह दावा है कि देश में फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कहते हैं कि भारतीयों ने बीते दस सालों के दौरान जो तरक्की देश में देखी है इतनी तरक्की 10 साल में नहीं देखी। भाजपा को इस चुनाव में कुल 42 से 45 प्रतिशत तक वोट मिल सकते हैं। ज्यादा भी मिल जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं ? जाहिर है, अगर भाजपा और उसके मित्र दलों को इतने फीसद वोट मिले तो सरकार तो उनकी ही बनेगी। अब बात कर लें अपने को महान राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेंद्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। डॉ. लोहिया के विचारों को मानने वाले योगेन्द्र यादव के मुताबिक, इन चुनाव में भाजपा को 240–260 और एनडीए के साथी दलों को 35–45 सीटें मिल सकती हैं। मतलब भाजपा / एनडीए को 275 से 305 के बीच सीटें मिलने जा रही हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए और जारी लोकसभा चुनाव में भाजपा /एनडीए की 303/323 सीटें हैं। यह तो राहुल समर्थक योगेंद्र जी की भविष्यवाणी है। हालांकि, मेरा मत है कि एनडीए गठबंधन को योगेंद्र यादव के दावे से कहीं अधिक सीटें मिल रही हैं। मैं भी 1967 से लेकर अबतक के सभी चुनावों को करीब से देखता रहा हूं और अपने अनुभव के आधार पर यह कह रहा हूं कि इसबार भाजपा और सहयोगी दलों का प्रदर्शन अबतक के सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाला होगा। मैंने लोकसभा चुनाव की कैंपेन के दौरान सारे देश भर की खाक छानी है। आम जनता से बातें की और उनका मन टटोला। उसके बाद मैं या मानता हूं कि एनडीए को हर हालात में 350 से अधिक ही सीटें मिलेंगी।

इस बीच, मुंबई के जाने–माने ज्योतिषी, स्तंभकार और लेखक पंडित जे.पी.त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनाव की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है। पंडित त्रिखा कहते हैं, 'मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। इस मामले पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। इसलिए, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू श्री मोदी को 4 जून के बाद सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगी।' पंडित त्रिखा के अनुसार, 'श्री नरेन्द्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार–बार साबित किया है।' दिलचस्प बात यह है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है। वे अपने मुखर और रणनीतिक नेतृत्व शैली के लिए भी जाने जाते हैं। वृश्चिक राशि वाले जुनूनी, दृढ़संकल्प से भरे और संकट में भी जुझारू रूप से मैदान में डटे रहते हैं। वृश्चिक राशि वाले संकटों को संभालने और चुनौतियों को पार करने में अच्छे होते हैं। इस बीच, चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही, वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है, तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी। हालांकि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। पर, सुरजीत भल्ला या योगेन्द्र यादव के दावों पर कोई कुछ नहीं कर रहा। यानी कमोबेश देश को पता चल चुका है कि देश में अगली सरकार किसकी बनेगी।

वैसे, मैं भी ज्योतिषियों पर विश्वास करता हूं। पर मेरा विश्वास प्रोफेशनल ज्योतिषियों पर थोड़ा कम और शौकिया ज्योतिषियों पर कुछ ज्यादा है , क्योंकि; ज्योतिष उनकी रोजी– रोटी का साधन नहीं, उनकी व्यक्तिगत साधना है जो निश्वार्थ है । ऐसी ही एक ज्योतिषी महिला का कल रात फोन आया और उन्होंने कहा, "अंकल जी , इस बार मोदी जी 400 से ज्यादा सीटें ला रहे हैं।" मैंने पूछा कि तुम्हारी इस भविष्यवाणी का आधार क्या है? उन्होंने बताया कि मैंने 1984 में राजीव गांधी की जो ग्रहदशा चल रही थी उसका गंभीरता से सूक्ष्म विश्लेषण किया है। मोदी जी की वैसी ही ग्रहदशा चल रही है और मोदी जी की ग्रहदशा 1984 के राजीव गांधी की ग्रहदशा से कहीं ज्यादा मजबूत है।

# अग्निकांड़ों ने हर भारतीय का दिल जख्मी किया



ललित गर्ग

गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें अभी ठीक से बुझी भी नहीं थीं कि शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने से सात नवजात बच्चों की जान चली गयी। दोनों ही घटनाओं में हताहत होने वालों में ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर। 'अग्निकांड' एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। जीवन का हर पल दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना हो या सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना–हर स्थिति में मनुष्य जीवन के अस्तित्व एवं अस्मिता पर सन्नाटा पसर रहा है।



इन दोनों मामलों में शुरुआती सूचनाएं ही संदेह का पुख्ता आधार प्रदान कर रही हैं। मसलन, यह बताया गया कि राजकोट के प्राइवेट एम्यूजमेंट पार्क में चल रहे गेमिंग जोन को फायर एनओसी नहीं मिला था। इसके बावजूद यह गेमिंग जोन धड़ल्ले से चल रहा था, बड़ी संख्या में बच्चे यहां महंगे टिकट लेकर आ रहे थे और अगर आग लगने की यह घटना न होती तो पता नहीं कब तक सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। ठीक इसी तरह दिल्ली के बेबी केयर सेंटर की आग की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। एनआईसीयू में वेंटिलेटर पर ही 7 नवजात ने दम तोड़ दिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि बच्चों को पीछे के रास्ते से बड़ी मुश्किल से निकाला गया। 5 बेड की क्षमता वाले हॉस्पिटल में 12 बच्चों का इलाज हो रहा था। जाहिर है, एक बेड पर दो या तीन बच्चे थे। आग लगने, हॉस्पिटल के मिस मैनेजमेंट और लापरवाही का क्या स्थानीय प्रशासन को अंदाजा नहीं होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं? प्रश्न है कि इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। इन दोनों अग्निकांड़ों में पीड़ितजन तो सहानुभूति के पात्र हैं ही, पर इन घटनाओं के लिए सहानुभूति की पात्र देश की जनता भी है, जो भ्रष्ट, लापरवाह एवं लालची प्रशासनिक चरित्रों को झेल रही है। मनुष्य अपने स्वार्थ और रुपए के लिए इस सीमा तक बेईमान और बदमाश हो जाता है कि हजारों के जीवन और सुरक्षा से खेलता है। दो–चार परिवारों की सुख समृद्धि के लिए अनेक घर–परिवार उजाड़ देता है।

राजकोट हो या राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगना– बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है तो कभी कोचिंग संस्थान। कभी कोई अस्पताल तो कभी एम्यूजमेंट पार्क। घटना के बाद पता चलता है कि वे संस्थान तमाम कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखते हुए चलाए जा रहे थे। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में तत्काल जांच के आदेश दे दिए गए। मगर आम तौर पर ऐसे आदेश घटना से उपजे असुविधाजनक एवं ज्वलंत सवालों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने भर का काम करते हैं। आसमान से बरसती आग के बीच शनिवार को हुए इन दोनों अग्निकांडों में मासूमों व बच्चों की मौत ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलत ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे–कानूनों का उल्लंघन होता है। आग क्यों और कैसे लगी, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है पर कारण बना दिया जाता हैं पुर्जों व उपकरणों की खराबी को। जैसे–जैसे जीवन तेज़ होता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे–जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे–वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर–शराबें के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो दुर्घटनाओं की संख्या घट सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, क्यों नहीं हो रहा है, यह मंथन का विषय है।

राजधानी दिल्ली ही नहीं, देश में हर जगह कानूनों एवं व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ते हुए देखा जा सकता है। इंसान का जीवन कितना सस्ता हो गया है। अपने धन लाभ के लिये कितने इंसानों के जीवन को दांव पर लगा देता है। मालिकों से ज्यादा दोषी ये अधिकारी और कर्मचारी हैं। अगर ये अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाते तो उपहार सिनेमा अग्निकांड नहीं होता, नन्दनगरी के समुदाय भवन की आग नहीं लगती, पीरागढ़ी उद्योगनगर की आग भी उनकी लापरवाही का ही नतीजा थी। बात चाहे पब की हो या रेल की, प्रदूषण की हो या खाद्य पदार्थों में मिलावट की–हमें हादसों की स्थितियों पर नियंत्रण के ठोस उपाय करने ही होंगे। तेजी से बढ़ता हादसों का हिंसक एवं डरावना दौर किसी एक प्रान्त या व्यक्ति का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी किया है। इंसानों के जीवन पर मंडरा रहे मौत के तरह–तरह की डरावने हादसों एवं दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है। स्थानीय निकाय हो या सरकारें, लाइसेंसिंग विभाग हो या कानून के रखवाले– अगर मनुष्य जीवन की रक्षा नहीं की जा सकती तो फिर इन विभागों का फायदा ही क्या? कौन नहीं जानता कि ये विभाग कैसे काम करते हैं। सब जानते हैं कि प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर इंस्पैक्टर आते हैं और बंधी–बंधाई राशि लेकर लौट जाते हैं। लाइसेंसिंग विभाग में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार है। नैतिकता और मर्यादाओं के इस टूटते बांध को, लाखों लोगों के जीवन से खिलवाड़ करते इन आदमखोरों से कौन मुकाबला करेगा? कानून के हाथ लम्बे होते हैं पर उसकी प्रक्रिया भी लम्बी होती है। कानून में अनेक छिद्र हैं। सब बच जाते हैं। सजा पाते हैं गरीब आश्रित, निर्दोष अभिभावक जो मरने वालों के पीछे जीते जी मर जाते हैं। पुलिस ''व्यक्ति'' की सुरक्षा में तैनात रहती है ''जनता'' की सुरक्षा में नहीं। भ्रष्ट अधिकारी नोट जुगाड़ने की कोशिश में रहते हैं, जनता की सुरक्षा के लिये नहीं। भ्रष्टाचार शासन एवं प्रशासन की जड़ों में पेठा हुआ है, इन विकट एवं विकराल स्थितियों में एक ही पंक्ति का स्मरण बार बार होता है, ''घर–घर में है रावण बैठा इतने राम कहां से लांऊ''। भ्रष्टाचार, बेईमानी और अफसरशाही इतना हावी हो गया है कि सांस लेना भी दूभर हो गया है।

# परिवार खुशहाल तभी जब स्वस्थ रहेंगी स्त्रियां



मुकेश कुमार शर्मा

स्वस्थ जिन्दगी हर किसी की पहली जरूरत होती है लेकिन बहुत से घरों में आज भी महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में नहीं रखा जाता जो कि अत्यंत ही विचारणीय विषय है। महिला का पूर्ण स्वस्थ होना इसलिए भी बहुत जरूरी है क्योंकि वह अस्वस्थ हो जाए तो घर के बच्चों से लेकर बड़े तक सभी प्रभावित होते हैं। ऐसे में महिला बिस्तर पर पड़ जाए तभी डाक्टर के पास ले जाएँ जैसी सोच को बदलना होगा और महिला को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाने के लिए हर जरूरी पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। इसी सोच को परवान चढ़ाने के लिए हर साल 28 मई को महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर भी खुलकर बात करने की जरूरत है ताकि महिला स्वतंत्र रूप से यह निर्णय ले सके कि उसे कब और कितना बच्चा चाहिए।

प्रजनन स्वास्थ्य किसी भी महिला का भारतीय संविधान द्वारा दिया गया वह अधिकार है जिसमें समानता एवं शिक्षा का अधिकार, सही उम्र में विवाह का अधिकार, परिवार नियोजन अपनाने का अधिकार, महिला को बच्चा कब और कितना चाहिए यह निर्णय लेने का अधिकार तथा हिंसा मुक्त एवं पोषणयुक्त खुशहाल जीवन जीने का अधिकार शामिल है। अनचाहा गर्भधारण महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालने के साथ ही जान को जोखिम में डालने का काम करता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद बास्केट ऑफ च्वाइस में से अपना मनपसन्द गर्भ निरोधक विकल्प चुनें और अनचाहे गर्भ से बचकर स्वस्थ रहें और घर में खुशहाली लाएं। इसमें पति से लेकर माता–पिता, सास–ससुर और परिवार के अन्य बड़े सदस्यों की भी अहम भूमिका हो सकती है।

महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस को हर साल मनाने का मूल उद्देश्य महिलाओं को उनकी सेहत से जुड़े मुद्दों के बारे में पूर्ण रूप से शिक्षित करने के साथ ही उन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है। महिलाओं को भेदभाव, घरेलू हिंसा, जबरदस्ती और उपेक्षा से बचाने के बारे में इस दिवस पर हर किसी का ध्यान आकर्षित किया जाता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी जरूरी है। इस दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को आसान बनायेंगे। सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात के बारे में शिक्षित बनाएंगे। युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के साथ ही एचआईवी/एड्स के प्रति भी जागरूकता लायेंगे।

इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में लैंगिक असमानता को पूरी तरह से दूर करते हुए महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य, मातृ कल्याण और यौन व प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के प्रति सशक्त बनाया जाए। महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने के लिए उचित और समान अवसर दिया जाए और व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराया जाए। घरेलू हिंसा और संभावित मानव तस्करी पर चर्चा हो। कम उम्र में शादी और शादी के तुरंत बाद गर्भ धारण जैसी सोच को बदला जाए। करियर में उन्नति के लिए समान रास्ते विकसित करने के साथ ही वेतन असमानता को दूर करने की तरफ और पर्याप्त प्रयास हों। देश में आज भी 15 से 49 वर्ष आयुवर्ग की कम ही महिलाएं यौन संबंधों, गर्भनिरोधक साधनों के इस्तेमाल और यौन स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपनी पसंद को प्राथमिकता दे पाती हैं। इस तरह इस आयु वर्ग की बहुत सी महिलाओं के पास अब भी यौन और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इस गंभीर विषय पर एकजुटता के साथ चर्चा की जाए और जागरूकता के उपायों पर विचार किया जाए। कार्यशालाओं आदि के माध्यम से गर्भपात से जुड़ीं भ्रांतियों को दूर किया जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों का इस्तेमाल करते हुए महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता लायी जाए। सफल महिलाओं को सच्ची कहानियों का माध्यम बनाया जा सकता है, जिससे उनके संघर्ष से लेकर सफलता के पायदान को विस्तार से बताया जाए। यह कहानियाँ प्रेरक की भूमिका निभा सकती हैं। प्रचार–प्रसार के अन्य तरीकों जैसे– पोस्टर–बैनर, इलेक्ट्रानिक मीडिया आदि का भी सहारा लिया जा सकता है। ज्ञात हो कि वर्ष 1987 में दक्षिण अफ्रीका में पहली बार इस दिन को महिला स्वास्थ्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में मान्यता दी गई थी। तब से हर साल यह दिन महिलाओं और स्वास्थ्य समूहों द्वारा मनाया जाता है। यह यौन अधिकारों, लैंगिकता, प्रजनन अधिकार, स्वास्थ्य आदि की पहचान के लिए एक मंच है।

**(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जेक्युटिव डायरेक्टर हैं।)**

# स्वराष्ट्र के लिए जो जिए और मरे वही है स्वातंत्र्य वीर सावरकर

डॉ. आनंद सिंह राणा

स्व के आलोक में तप, त्याग और तितिक्षा जैसे गौरवशाली भारतीय मूल्यों को मिट्टी में गूंथकर यदि एक हिंदुत्व की मूर्ति गढ़ी जाए, तो उस मूर्ति का नाम होगा 'वीर विनायक दामोदर सावरकर परंतु वीर सावरकर का नाम आते ही रंगे सियारों और लाल श्वानों में दहशत का वातावरण निर्मित हो जाता है और हृदय की धड़कन तेज हो जाती हैं। कतिपय लोगों की तो हृदय गति ही रुकने लगती है।

प्रकारांतर से वीर सावरकर के स्वतंत्रता संग्राम योगदान और उनकी पवित्र आहुतियों पर बिना विचार विमर्श किए, तथाकथित रंगे सियार और लाल श्वानों की जमात नकारात्मक विचार बनाते हुए आलोचना कर देते हैं, परंतु दुर्भाग्य का विषय यह भी है कि मर्सी पिटिशन का क्या आशय है? और मर्सी पिटिशन क्यों लगाई गई? किसने लगवाई? इसे बिना जाने और समझे यह आरोप मढ़ दिया जाता है कि वीर सावरकर ने माफी मांग ली थी, परंतु सच तो यह है कि गांधी जी ने एक कूटनीतिक चाल के चलते विनायक दामोदर सावरकर को मर्सी पिटीशन के लिए तैयारी करवाई थी क्योंकि गांधी जी असहयोग आंदोलन की सफलता चाहते थे। सच तो भी है, कि वीर सावरकर की दया याचिका पर चर्चा करने का कांग्रेस नेताओं का प्राथमिक उद्देश्य बीते समय में अपनी ही पार्टी के नेताओं मसलन पंडित नेहरू द्वारा दी गई दया याचिका को छिपाना है। ऐसे में एक यक्ष प्रश्न यही उठता है कि केवल सावरकर के माफीनामे का ही क्यों उल्लेख कर उनके प्रति तिरस्कृत व्यवहार किया जाता है? दया याचिका या 'रॉयल क्लेमेंसी' अंग्रेजों द्वारा हिरासत में लिए गए आरोपी द्वारा अपनाई जाने वाली एक प्रक्रिया के अलावा और कुछ नहीं थी यह एक विशिष्ट प्रारूप था, जिसे प्रत्येक हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपनी रिहाई के लिए आवेदन करते वक्त जरूरत पड़ती थी। स्वघोषित इतिहासकार भी इस ऐतिहासिक किंतु शाब्दिक तथ्य से अच्छे से परिचित हैं, फिर भी अपमान और केवल वीर सावरकर का ही किया जाता है।

यदि स्पष्टतः कहा जाए तो वीर सावरकर ने कभी भी अंग्रेजों से माफी नहीं मांगी थी। जिस महापुरुष ने दस साल सेलुलर जेल की अमानवीय यातनाएं सही हों, उसके विषय में 'माफीनामा' या 'दया याचिका' बात करना आश्चर्यजनक लगता है।वास्तविकता यह है कि आज तक हमें जिस माफीनामे के बारे में बताया जाता रहा है, वह केवल एक सामान्य सी याचिका थी, जिसे दाखिल करना राजनीतिक कैदियों के लिए एक सामान्य कानूनी विधान था। पारिख घोष जो कि महान क्रांतिकारी अरविंद घोष के भाई थे, शचीन्द्रनाथ सान्याल, जिन्होंने एच.आर.ए .का गठन किया था, इन सबने भी ऐसी ही याचिकाएं दायर की थीं और इनकी याचिकाए स्वीकार भी हुई थी। जॉर्ज पंचम की भारत यात्रा और प्रथम विश्व युद्ध के बाद पूरी दुनिया में राजनीतिक बंदियों को अपने बचाव के लिए ऐसी सुविधाएं दी गयी थीं।

सावरकर ने अपनी आत्मकथा में लिखा है, 'जब–जब सरकार ने सहूलियत दी, तब–तब मैंने याचिका दायर की'। उन्होंने अपने छोटे भाई नारायण राव को जो पत्र लिखे, उनमें भी अपनी पिटिशन के बारे में लिखा है, कभी कुछ छुपाया नहीं। और अगर आप फिर भी सावरकर को दोषी मानते हैं तो आपको स्वयं अपनी अंतरात्मा से पूछना चाहिए कि एक राजनीतिक बंदी के रूप में, अगर आप निरपराध जेल में बंद हों और सरकार आपको अपना बचाव करने का कोई एक मौका दे दे तो आप क्या करेंगे? क्या आप बंधन से मुक्त होना नहीं चाहेंगे? वीर सावरकर ने भी अपनी याचिका इसीलिए दायर की थी कि कहीं वो भारत माता की स्वतंत्रता के दिव्य यज्ञ में आहुति डालने का कोई मौका चूक न जाएं। कहीं ऐसा न हो कि उनका जीवन जेल की सलाखों के पीछे ही फंसकर समाप्त हो जाए और भारतीय स्वतंत्रता का उनका महालक्ष्य अधूरा रह जाए।

महात्मा गांधी ने भी 1920–21 में अपने पत्र 'यंग इंडिया' में वीर सावरकर के पक्ष में लेख लिखे थे। गांधी जी का भी विचार था कि सावरकर को चाहिए कि वे अपनी मुक्ति के लिए सरकार को याचिका भेजें, इसमें कुछ भी बुरा नहीं है, क्योंकि स्वतंत्रता व्यक्ति का प्राकृतिक अधिकार है। और इसके बाद वीर सावरकर को 1921 में 10 साल की सजा काटने के बाद सेलुलर जेल से रिहा कर दिया गया था। वीर सावरकर वही क्रांतिवीर हैं जिन्हें ब्रितानिया सरकार ने क्रांति के अपराध में काला–पानी का दंड देकर 50 वर्षों के लिए अंडमान की सेलुलर जेल भेज दिया था। 10 साल बाद जब वीर सावरकर काला–पानी की हृदय विदारक यातनाओं को झेलने के बाद जेल से बाहर आए, तब से हमारे देश के कुछ बुद्धिजीवी उनके कृतित्व को भूलकर उन पर अंग्रेज़ों से माफ़ी मांगने का आरोप लगाते रहे हैं। इन सब षड्यंत्रों के बावजूद वीर सावरकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर किसी प्रकार का प्रश्नचिह्न नहीं लगता है क्योंकि यह सर्वश्रुत है कि सूरज के ओर मुंह करके थूंकने से, थूंक स्वयं के मुख पर आ गिरता है। यही स्थिति रंगे सियारों और लाल श्वानों की है।

आधुनिक भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महामानव और हिंदुत्व के पुरोधा वीर विनायक दामोदर सावरकर के बलिदान दिवस पर आज उनके जीवन के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं से रंगा एक संकलित चित्रफलक प्रस्तुत है। वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी देशभक्त थे, जिन्होंने 1901 में ब्रिटेन की रानी विक्टोरिया की मृत्यु पर नासिक में शोक सभा का विरोध किया और कहा कि वह हमारे शत्रु देश की रानी हैं हम शोक क्यों करें? क्या किसी भारतीय महापुरुष के निधन पर ब्रिटेन में शोक सभा हुई है? वीर सावरकर पहले देशभक्त थे जिन्होंने एडवर्ड सप्तम के राज्याभिषेक समारोह का उत्सव मनाने वालों को त्र्यम्बेकश्वर में बड़े–बड़े पोस्टर लगाकर कहा था कि गुलामी का उत्सव मत मनाओ। विदेशी वस्त्रों की पहली होली पुणे में 7 अक्टूबर 1905 को वीर सावरकर ने जलाई थी। वीर सावरकर पहले ऐसे क्रांतिकारी थे जिन्होंने विदेशी वस्त्रों का दहन किया तब बाल गंगाधर तिलक ने अपने पत्र केसरी में उनको शिवाजी के समान बताकर उनकी प्रशंसा की थी। जबकि इस घटना की दक्षिण अफ्रीका के अपने समाचार पत्र 'इंडियन ओपिनियन' में गांधी जी ने निंदा की थी।

सावरकर द्वारा विदेशी वस्त्र दहन की इस प्रथम घटना के 16 वर्ष बाद गांधीजी उनके मार्ग पर चले और 11 जुलाई 1921 में मुंबई के परेल में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया। वीर सावरकर पहले भारतीय थे, जिनको 1905 में विदेशी वस्त्र दहन के कारण पुणे के फर्ग्युसन कॉलेज से निकाल दिया गया और 10 रुपये का जुर्माना किया। इसके विरोध में हड़ताल हुई स्वयं तिलक जी ने केसरी पत्र में सावरकर के पक्ष में संपादकीय लिखा। वीर सावरकर ऐसे बैरिस्टर थे जिन्होंने 1909 में ब्रिटेन में परीक्षा पास करने के बाद ब्रिटेन के राजा के प्रति वफादार होने की शपथ नहीं ली इस कारण उन्हें बैरिस्टर होने की उपाधि का पत्र कभी नहीं दिया गया। वीर सावरकर पहले ऐसे लेखक थे जिन्होंने अंग्रेजों द्वारा गदर कहे जाने वाले संघर्ष को सन 1857 का स्वातंत्र्य समर नामक ग्रंथ लिखकर सिद्ध कर दिया। वीर सावरकर ऐसे क्रांतिकारी लेखक थे जिनके लिखे सन 1857 का स्वातंर्त्य समर पुस्तक पर ब्रिटिश संसद में प्रकाशित होने से पहले प्रतिबंध लगाया था।

सन 1857 का स्वातंर्त्य समर विदेशों में छपा और भारत में भगत सिंह ने इसे छपवाया था। जिसकी एक–एक प्रति 300 रुपये में बिकी थी। यह पुस्तक भारतीय क्रांतिकारियों के लिए पवित्र गीता थी। पुलिस छापों में देशभक्तों के घरों में यही पुस्तक मिलती थी। वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी थे जो समुद्री जहाज में बंदी बनाकर ब्रिटेन से भारत लाते समय 8 जुलाई 1910 को समुद्र में कूद पड़े थे और फ्रांस पहुंच गए थे। वीर सावरकर विश्व के पहले क्रांतिकारी और भारत के राष्ट्रभक्त थे जिनका मुकदमा अंतरराष्ट्रीय न्यायालय हेग में चला, परंतु ब्रिटेन और फ्रांस की मिलीभगत के कारण उनको न्याय नहीं मिला और बंदी बनाकर भारत लाया गया। वीर सावरकर विश्व के पहले क्रांतिकारी और भारत के पहले राष्ट्रभक्त थे जिन्हें अंग्रेजी सरकार ने दो आजन्म कारावास की सजा सुनाई थी। सावरकर पहले ऐसे देश भक्त थे, जो दो जन्म की कारावास की सजा सुनते ही हंसकर बोले चलो ईसाई सत्ता ने हिंदू धर्म के पुनर्जन्म के सिद्धांत को मान लिया। वीर सावरकर पहले राजनीतिक बंदी थे जिन्होंने काला पानी की सजा के समय 10 साल से भी अधिक समय तक स्वतंत्रता के लिए कोल्हू चलाकर 30 पौंड तेल प्रतिदिन निकाला। वीर सावरकर काला पानी में पहले ऐसे कैदी थे जिन्होंने काल कोठरी की दीवारों पर कंकर कोयले से कविताएं लिखीं और 6000 पंक्तियां याद रखीं। वीर सावरकर पहले देशभक्त लेखक थे जिनकी लिखी हुई पुस्तकों पर आजादी के बाद कई वर्षों तक प्रतिबंध लगा रहा। वीर सावरकर पहले विद्वान लेखक थे जिन्होंने हिंदू को परिभाषित करते हुए लिखा कि 'आसिंधु सिंधुपर्यंता यस्य भारत भूमिकाः पितृभूः पुण्यभूमिश्चेव स वै हिंदुरितीस्मृतः' अर्थात समुद्र से हिमालय तक भारत भूमि जिसकी पितृभू है, जिसके पूर्वज यही पैदा हुए हैं व यही पुण्य भू है, जिसके तीर्थ भारत में ही हैं वही हिंदू है। वीर सावरकर प्रथम राष्ट्रभक्त थे जिन्हें अंग्रेजी सत्ता ने कई वर्षों तक जेल में रखा तथा आजादी के बाद 1948 में नेहरू सरकार ने गांधीजी के वध की आड़ में लाल किले में बंद रखा। परंतु न्यायालय द्वारा आरोप झूठे पाए जाने की बाद ससम्मान रिहा कर दिया। देसी–विदेशी दोनों सरकारों को उनके राष्ट्रवादी विचारों से डर लगता था। वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी थे जब 26 फरवरी सन 1966 को उनका स्वर्गारोहण हुआ तब भारतीय संसद में कुछ सांसदों ने शोक प्रस्ताव रखा तो यह कहकर रोक दिया गया कि वे संसद सदस्य नहीं थे। जबकि चर्चिल की मौत पर शोक मनाया गया था।

वीर सावरकर पहले क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त स्वातंर्त्यवीर थे जिनके मरणोपरांत 26 फरवरी 2003 को उसी संसद में मूर्ति लगी जिसमें कभी उनके निधन पर शोक प्रस्ताव भी रोका गया था। वीर सावरकर ऐसे पहले राष्ट्रवादी विचारक थे जिनके चित्र को संसद में लगाने से रोकने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा लेकिन तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने सुझाव पत्र नकार दिया और वीर सावरकर के चित्र का अनावरण राष्ट्रपति के कर कमलों से किया गया। वीर सावरकर ऐसे राष्ट्रभक्त हुए जिनके शिलालेख को अंडमान की सेल्युलर जेल के कीर्ति स्तंभ से यूपीए सरकार के मंत्री मणिशंकर अय्यर ने हटवा दिया था और उसकी जगह गांधीजी का शिलालेख लगवा दिया था। वीर सावरकर ने 10 साल आजादी के लिए काला पानी में कोल्हू चलाया था जबकि गांधी जी ने काला पानी की उस जेल में कभी 10 मिनट भी चरखा नहीं चलाया था।

महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी देशभक्त उच्च कोटि के साहित्य के रचनाकार, हिंदी – हिंदू– हिंदुस्तान के मित्र दाता, हिंदुत्व के सूत्रधार वीर विनायक दामोदर सावरकर पहले ऐसे भव्य– दिव्य पुरुष, भारत माता के सच्चे सपूत थे जिनसे अंग्रेजी सत्ता भयभीत थी, स्वाधीनता के बाद नेहरू की कांग्रेस सरकार भयभीत थी। परंतु श्रीमती इंदिरा गाँधी वीर सावरकर की प्रशंसक थीं। वीर सावरकर मां भारती के पहले सपूत थे जिन्हें जीते जी और मरने के बाद भी आगे बढ़ने से रोका गया। परंतु आश्चर्य की बात यह है कि इन सभी विरोधियों के घोर अंधेरे को चीरकर आज वीर सावरकर के राष्ट्रवादी विचारों का सूर्योदय हो रहा है। जयंती पर शत्शृत नमन है।

**(लेखक, इतिहास के प्राध्यापक एवं इतिहास संकलन समिति महाकौशल प्रांत उपाध्यक्ष हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार


### जिला प्रभारी सचिव भवानीसिंह देथा पहुंचे दौसा

- **नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने दिया मूलभूत समस्याओं के संबंध में ज्ञापन**



**चमकता राजस्थान। दौसा।** जिला प्रभारी सचिव भवानीसिंह देथा के दौसा आगमन पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में शहर की मूलभूत समस्याओं के संबंध में उन्हें ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इसमें शहर की सफाई व्वस्था, बिजली की अनधिकृत कटौती और कई मोहल्ले में पानी की सप्लाई नहीं होने को लेकर प्रभारी सचिव को अवगत कराया गया। इसके साथ ही जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं के संबंध में भी अवगत कराया गया। प्रभारी सचिव से नगर परिषद और जिला अस्पताल का निरीक्षण कर वहां की दुर्दशा देखने को कहा। प्रभारी सचिव ने आश्वासन दिया कि वे व्यक्तिगत रूप से इन समस्याओं के संबंध में अधिकारियों से बातचीत करेंगे। बिजली कटौती के बारे में भी उन्होंने आश्वासन दिया की रात के समय बिजली कटौती जहां तक हो नहीं करने के प्रयास किए जाएंगे। प्रभारी सचिन के साथ कलेक्टर, एडीएम आदि अधिकारी भी मौजूद रहे। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष के साथ धनन्नालाल बैरवा, शीतल चौबे, राम नारायण पंडा, सुरेंद्र नागर, सियाराम सत्तावन, मुकेश राणा, अतुल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, भरतलाल सहित नगर कांग्रेस कमेटी के अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

### जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ तीस मई को चौमू थाने में करेंगे जनसुनवाई



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ तीस मई (गुरुवार) को सांय 6 बजे से 9 बजे तक चौमू थाने में जनसुनवाई करेंगे जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद्र बिश्नोई, जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त (एसीबी) चौमू संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वृत क्षेत्र चौमू जयपुर (पश्चिम) के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण) एवं बगरू (जयपुर पश्चिम) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

### पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह आज दांतारामगढ़ दौरे पर

- **दांतारामगढ़ पुलिस थाने में सांय 5 से 6 बजे तक करेंगे जनसुनवाई**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)**। पुलिस महानिरीक्षक, रेंज सीकर सत्येन्द्रसिंह आज दांतारामगढ़ दौरे पर आएंगे। पुलिस महानिरीक्षक, सीकर रेंज सत्येन्द्रसिंह पुलिस थाना दांतारामगढ में सांय 5 से 6 बजे तक दांतारामगढ, लोसल, जीणमाता के निवासियों की जनसुनवाई करेंगे, जिसमें आमजन की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण करेंगे। जनसुनवाई के दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव व डीएसपी जाकिर अख्तर भी मौजूद रहेंगे।

# राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2024 सम्पन्न

## जयपुरवासियों ने खरीदे रिकॉर्ड 2 करोड़ 25 लाख रुपये से अधिक के मसाले

### बिक्री की दृष्टि से शीर्ष सहकारी संस्थाओं में कॉनफैड, जिला भण्डारों में कोटा उपभोक्ता भण्डार एवं केवीएसएस में किशनगढ पहले स्थान पर रहा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुरवासियों ने यहां जवाहर कला केन्द्र पर आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2024 में 2.25 करोड़ रुपये से अधिक के मसालों की रिकॉर्ड खरीद की। 19 मई से प्रारम्भ हुये मेले का मंगलवार, 28 मई को समापन हो गया है। कॉनफैड प्रबंध निदेशक श्रीमती शिल्पी पाण्डे ने श्रेष्ठ स्टालों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह मेला सहकारी समितियों के व्यवसाय में वृद्वि करने के अच्छे प्रयास का एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान करता है।

श्रीमती पांडे ने बताया कि सहकार मसाला मेले का वास्तविक लाभ किसानों और आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए सहकारी संस्थाओं के विषेष उत्पाद सहकारिता के भण्डारों पर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जायेंगे।

महाप्रबंधक (व्यवसाय), कॉनफैड अनिल कुमार ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता सीधे रूप में 3 करोड़ से अधिक लोगों से जुडी हुई है। उन्होंने कहा कि हम इस मेले के द्वारा आमजन की आवश्कताओं के अनुरूप एक ही छत के नीचे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एवं सेवायें उचित मूल्य पर उपलब्ध कराते है।



उन्होंने बताया कि सहकार मसाला मेले में सर्वाधिक बिक्री के लिए अन्य प्रदेशों में केरल स्टेट कोऑपरेटिव मार्केटिंग फैडरेशन, शीर्ष संस्थाओं में कॉनफैड, जिला भण्डारों में कोटा सहकारी उपभोक्ता भण्डार व क्रय विक्रय सहकारी समितियों में किशनगढ ने पहला स्थान प्राप्त किया। सहकार मसाला मेले में प्रतिदिन सांयकाल को राज्य के समस्त खण्डों के कलाकारों द्वारा आमजन के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

कुमार ने राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला की सफलता के लिए जयपुरवासियों, मीडिया एवं इससे जुड़े अधिकारियों व कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि सहकार मसाला मेले को जयपुरवासियों के प्रेम और रेस्पांस से सहकारी संस्थाओं मे नया उत्साह आया है।

महाप्रबंधक (प्रशासन), कॉनफैड राजेन्द्र सिंह ने बताया कि 19 मई से आयोजित सहकार मेले में कारोबार एवं डिसप्ले की दृष्टि से समितियों को पुरस्कृत किया गया है। इनमें बिक्री के आधार पर शीर्ष संस्थाओं में प्रथम कॉनफैड, द्वितीय स्थान तिलम संघ व तृतीय स्थान पर जयपुर डेयरी (आरसीडीएफ) रहा। क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में प्रथम किशनगढ, दूसरा बांसवाडा एवं तीसरा स्थान सांचैर का रहा। इसी तरह से जिला उपभोक्ता भण्डारों की श्रेणी में कोटा, उदयपुर व जोधपुर क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

सर्वश्रेष्ठ डिसप्ले के आधार पर राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं में इफको, कृभको तथा शीर्ष सहकारी संस्थाओं में राजफैड, अपेक्स बैंक, आरसीडीएफ एवं सहकारी आवासन संघ को सम्मानित किया गया। राज्य विशेष के विशिष्ट उत्पादों एवं मसालों की बिक्री एवं प्रदर्शन हेतु मार्केटफैड (केरल), इरोड, कोली हिल्स नामक्कल (तमिलनाडु), पंजाब, गुजरात एवं बिहार की सहकारी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। शीर्ष संस्थाओं की श्रेणी में कॉनफैड प्रथम स्थान पर तिलम संघ द्वितीय स्थान पर एवं आरसीडीएफ तीसरे स्थान पर रहे। जिला उपभोक्ता भण्डारों की श्रेणी में उदयपुर, भरतपुर व भीलवाड़ा क्रमशः पहले, दूस-रे और तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार केवीएसएस की श्रेणी में किशनगढ, बांसवाड़ा एवं सांचारे क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. शेखावत सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने किया विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण

### हीट वेव को लेकर चिकित्सा व्यवस्था हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** जयपुर प्रथम। 28 मई। प्रचंड गर्मी और हीट वेव को देखते हुए राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों की पालना में सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने मंगलवार को विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर हीट वेव संबंधी तैयारियों का जायजा लिया और हीट वेव संबंधित आवशयक चिकित्सा व्यवस्थाओं हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने मंगलवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जामडोली व पीएचसी बगराना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हीट वेव के अंतर्गत तैयारियों की समीक्षा करते हुए चिकित्सा संस्थान में रोगियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसी प्रकार उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. इंद्रा गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटावा भोपजी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेजरोली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानोता का निरीक्षण किया। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ. प्रवीण झारवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अचरोल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोहरपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवाजी और उप जिला अस्पताल शाहपुरा का निरीक्षण किया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र कराड़िया ने उप जिला अस्पताल जमवारामगढ़ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंधी का निरीक्षण किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सामोद का निरीक्षण किया। शहरी जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विक्रम सिंह और डॉ प्रशांत शर्मा ने यूपीएचसी सत्यातन आश्रम, यूपीएचसी बैरवाबस्ती,यूपीएचसी नाहरी का नाका और यूपीएचसी बनीपार्क का निरीक्षण किया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा हीट वेव को लेकर संस्थान में रोगी के उपचार हेतु आपातकालीन किट, ओआरएस एवं आवशयक दवाईयों की उपलब्धता समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया और रोगियों व उनके परिजनों हेतु ठंडे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, पर्याप्त छाया और कूलर, पंखों की व्यवस्था हेतु निर्देश दिए गए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने चिकित्साकर्मियों की समय पर उपस्थिति, सफाई व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा व टीकाकरण,जाँच सुविधाएं भी देखी। इस दौरान उन्होंने मंगलवार को आयोजित होने वाले शक्ति दिवस एवं मैन पावर का निरीक्षण किया और उपस्थित स्टाफ मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम करने के निर्देश दिए।



## थानाधिकारी, कांस्टेबल सहित दलाल रिश्वत लेते ट्रेप



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की चित्तौड़गढ़ टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना भदेसर जिला चित्तौड़गढ के थानाधिकारी(पुलिसउपनिरीक्षक ) रविन्द्र सेन पुलिस कांस्टेबल सुरेश एवं दलाल कैलाश तेली को परिवादी से पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तारकियाहैभ्रष्टाचारनिरोधकब्यूरोपुलिस,महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की चित्तौडगढ़ टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि शांति भंग केआरोप में गिरफ्तार किये गये उसके मित्र से मारपीट नहीं करने एवं जल्दी मजिस्ट्रेट के पेश करने की एवज में आरोपी थानाधिकारी (पुलिस उपनिरीक्षक) रविन्द्र सेन, कांस्टेबल सुरेश पन्द्रह हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहे है। एसीबी चित्तौड़गढ़ टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सांदू के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करतेहुएथानाधिकारी (पुलिस उपनिरीक्षक ) रविन्द्र सेन पुलिस कांस्टेबल सुरेश एवं दलाल कैलाश तेली को पन्द्रह हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया।

## भीषण गर्मी में पक्षियों की सेवार्थ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय में डीजीपी (एसीबी) ने लगाये परिडें, दिया सकारात्मक संदेश

- **भयावह गर्मी में सभी जीव जंतुओं की रक्षा और सेवा करना ही मानव धर्मः डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा**



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)28 मई,** मगलवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय परिसर में आज महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा की अध्यक्षता में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गयें।इस अवसर पर महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने परिडें लगाए और आमजन से अपील करी कि बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में दाना-पानी की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। शहरीकरण की दौड़ में पक्षियों के जो घोसले है वो भी लुप्त प्राय होते जा रहें है इसलिए यह हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम वृक्षारोपण के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए इस गर्मी के मौसम में अपने घरों एवं कार्यालय में परि-डें लगाए।मेहरड़ा ने इस अवसर पर मित्राय फाउंडेशन की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की ब्यूरो मुख्यालय में मित्राय फाउंडेशन के तत्वाधान से एसीबी के झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित परिसर में कुल 50 परिडें लगाए गए।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेह-रड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७७ सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

### नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन के अभियान में एक और सफलता

# प्रदेश में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर मादक पदार्थों के विरूद्ध विशेष अभियान

- **सांचौर में मादक पदार्थों के धंधे में लिप्त दो तस्कर भाइयों की संपत्ति की फ्रीज**
- **दो आलीशान मकान एवं 744 ग्राम सोने के आभूषण भी किए फ्रीज**
- **करीब डेढ़ करोड़ रुपए की संपत्ति को फ्रीज कर पुलिस ने लगाया बोर्ड**

चमकता राजस्थान



जयपुर/सांचौर!(खलील कुरैशी) 28 मई। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राज्य में गत 15 मई से नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सांचौर जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर थाना करड़ा अंतर्गत दाता गांव निवासी मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त दो तस्क र भाइयों की संपत्ति को फ्रीज कर साइन बोर्ड लगा दिए। पुलिस ने इनके दो आलीशान मकान एवं 744 ग्राम सोने के आभूषण फ्रीज किये है, जिसकी कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये है। जिला एसपी सांचौर हरी शंकर ने बताया कि दाता गांव निवासी भूताराम ऊर्फ भभूता राम विश्नोई एवं उसका भाई जेता राम विश्नोई मादक पदार्थ के बड़े तस्कर हैं। भूता राम के विरुद्ध पंजाब के पटियाला जिले में थाना बस्सोबाला, सांचौर तथा थाना करड़ा में सात व जेताराम के विरुद्ध सांचौर करड़ा एवं सिरोही के मण्डार थाने में पांच अवैध मादक पदार्थ व शराब की तस्करी सहित अन्य अपराधिक एनडीपीएस एक्ट, राजस्थान आबकारी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता का अलग–अलग धाराओं में दर्ज हैं।एसपी हरिशंकर ने बताया कि दोनों तस्कर भाइयों ने मादक पदार्थों की तस्क री की काली कमाई से अपने गांव में अलग-अलग अपने आलीशान मकान बना रखे हैं। तत्कालीन एसपी सागर राणा एवं अनुसंधान अधिकारी थाना करड़ा बाबूलाल द्वारा इन तस्करों की अनैतिक तरीके से अर्जित संपत्ति का ब्यौरा तैयार करके उसे चिन्हित कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 ऋ(1) के तहत फ्रीज करवाने की प्रक्रिया आरम्भ की गई थी। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के सक्षम प्राधिकरण को फ्रीजिंग की कार्रवाई के आदेश के लिए लिखा गया। पूर्व में की गई कार्रवाई को आगे बढाते हुए उन्होंने वर्तमान एसएचओ करड़ा दीप सिंह को विशेष दिशा निर्देश दिए। अथक प्रयासों के बाद भारत सरकार के सक्षम प्राधिकरण से इनकी संपत्ति फ्रीज करने के आदेश पुलिस को मिले। इसी सिलसिले में इनकी सम्पति को फ्रीज करने की कार्रवाई मंगलवार को अंजाम दी गई। तस्क र भुताराम उर्फ भभुताराम के दाता गांव में खसरा नम्बर 1455/580 मे 200 वर्ग मीटर पर बने करीब 50 लाख के मकान व 744 ग्राम सोने के आभुषणों को फ्रीज किया गया, वही जेताराम पुत्र चौखाराम के के खसरा नम्बर 1455/580 मे 203 वर्ग मीटर पर बने करीब 50 लाख के मकान को फीज किया जाकर कुल डेढ़ करोड़ की मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित सम्पति को फ्रीज करते हुए 'संपत्ति फ्रीज' के बोर्ड लगा दिए गए।एसपी सांचौर ने बताया कि जिला पुलिस अब इनकी अन्य संपत्ति के साथ दूसरे तस्करों द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्क री की काली कमाई को चिन्हित कर फ्रीज करवाने की दिशा में कार्य कर रही है।

## संक्षिप्त खबर

### भारतीय पत्रकार सेवा संस्थान की बैठक आयोजित, जिला कार्यकारिणी घोषित




**चमकता राजस्थान, धौलपुर( रामदास तरुण)।** धौलपुर की प्रमुख खबर- आज भारतीय पत्रकार सेवा संस्थान की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय शिष्या ग्लोबल स्कूल बाड़ी रोड धौलपुर में जिला अध्यक्ष अनुराग मुद्गल की अध्यक्षता में आयोजित हुई/ बैठक के मुख्य अतिथि बीजेएसएस पत्रकार संघ के प्रदेश महासचिव गोपेश राज पचौरी रहे/इस कार्यक्रम के मौके पर बीजेएसएस पत्रकार संघ की जिला कार्यकारिणी की जिला अध्यक्ष अनुराग मुद्गल ने घोषणा की, जिसके अनुसार जिला उपाध्यक्ष- आकाश पचौरी, अजय बिलोनिया, महासचिव- मलिक इमरान खान, कोषाध्यक्ष- अमित गर्ग, सचिव- रनीश तिवारी एवं जय सिंह ,संगठन मंत्री- वीरेंद्र चंसौरीया, भूपेन्द्र परमार, मीडिया प्रभारी-दुर्गा शरण दुबे, सहमीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र बघेल, निशांत पाराशर, रामदास तरुण एवं सत्य प्रकाश शर्मा, संगठन मंत्री रमाकांत शर्मा एवं पवन सिंह जादौन, पत्रकार संगठन के कानूनी सलाहकार एडवोकेट प्रशांत हुंडावाल रहेंगे! जिला कार्यक्रम समिति के सदस्यों में भानु शर्मा, हरवीर शर्मा, संदीप शर्मा, राहुल शर्मा, प्रेम सिंह जादौन राजाखेड़ा, अभिषेक धौलपुर, मनोज कुमार राजाखेड़ा, जगदीश कुशवाहा सैंपऊ, राजेश कुशवाहा सरमथुरा, रवि गोयल दोपुरा वाले बसेड़ी, सोमेंद्र मंगल एवं अनूप शर्मा धौलपुर रहेंगे!

### जलदाय विभाग बाडी द्वारा अवैध कनेक्शन पर बड़ी कार्यवाही



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के बड़ी उपखण्ड बाडी में दिनांक 28 मई 2024 को मोहल्ला भदौरिया पाड़ा में बाड़ी जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता रविंद्र कुमार मीणा और अरुण कुमार के निर्देशन में भारी अवैध कनेक्शनों बड़ी कार्यवाही की, अवैध कनेक्शन को मौके पर ही सप्लाई लाइन से कटवाया गया! अवैध कनेक्शन के ऊपर आगे भी ईसी प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी रहेगी! इस मौके पर जलदाय विभाग मीटर रीडर नेकराम मीना, उमेश शर्मा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, और ठेकेदार खेमसिंह मीना मौजूद रहे! यह कार्यवाही वैध कनेक्शन को पानी की आपूर्ति करने के लिए की गई है!

### इच्छापूर्ति फाउंडेशन ने मचकुंड रोड में वृक्षारोपण एवं पक्षियों के लिए परिंदा लगाये



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर में इच्छापूर्ति फाउंडेशन के द्वारा आज दिनांक 28/5/24 को मचकुंड रोड पर वृक्षारोपण आयोजित किया गया! इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर धौलपुर निधि बीटी रहे !फाउंडेशन द्वारा 3100 वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है ! एवं संपूर्ण जिले में पक्षियों के लिए के लिए परिंदा लगाने का अभियान चलाया जा रहा है ! वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ पर जिला कलेक्टर ने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए तभी पर्यावरण शुद्ध रहेगा ! एक वृक्ष 100 पुत्रों के समान है ! तथा वृक्ष हमारे आसपास के वातावरण को शुद्ध रखते हैं ! धरती के श्रृंगार पेड़ है ! जीवन के आधार पेड है, इसलिए हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए, इस अवसर इच्छापूर्ति फाउंडेशन के संस्थापक रामकुमार चौधरी द्वारा जिला कलेक्टर का माल्यार्पण एवं दुपट्टा उढाकर कर स्वागत सम्मान किया गया, कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए राज्य संदर्भ व्यक्ति प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि जिला कलेक्टर द्वारा जिले की सभी फ्लैगशिप योजनाओं का सफल संचालन एवं आमजन के हित के लिए बड़ी संवेदनशीलता से कार्य कर रहे हैं ! और सामाजिक सरोकार के कार्यों में उनकी सहभागिता प्रशंसनीय है इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अनिल गोयल विशाल सिंघल अशोक पचौरी हेम सिंह बघेल इच्छापूर्ति फाउंडेशन के राम अवतार गोयल मुरैना शिवम अग्रवाल मुरैना संतोषी लाल सिंघल सरानी खेड़ा पवन गोयल सर्राफ प्रवेश बंसल विदित बंसल विजय बंसल भूपेंद्र शर्मा एवं इच्छापूर्ति के फाउंडेशन के रामकुमार चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रिश्ते हुए तार तार पुत्र वधू ने ससुर को कुल्हाड़ी से मार कर की निर्मम हत्या

**चमकता राजस्थान, श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर थाना क्षेत्र में हत्या मामला आया सामने श्रीनगर खेड़ा चौराहा निवासी गोकुल मेघवंशी की पुत्रवधू गुड्डी ने कमरे के गेट को अंदर से बंद करके कुल्हाड़ी मार मार कर घायल कर दिया आसपास के लोगों को मालूम पड़ने पर लोगों ने प्रयास से कमरे में प्रेस कर गोकुल मेघवंशी को बाहर निकाल कर जालान अस्पताल में भर्ती करवाया गया 2 दिन भर्ती रहने के दौरान गोकुल मेघवंशी की मृत्यु हो गई विकलांग था गोकुल एक पेर से पुलिस प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम करवा कर परिवार वालों को गोकुल के मर्त शरीर को सौंप दिया गया थाना अधिकारी जसवंत सिंह चौधरी शहीद पुलिस प्रशासन मामला दर्ज लगी मामले की खोज में पूर्व सरपंच राम करण यादव भी पहुंचे मौके पर यादव ने बताया कि इस तरह की घटनाओं से समाज में गलत संदेश जा रहा है अतः ऐसे अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# भीषण गर्मी एवं हीटवेव से बचाने के लिए बनाएं हीटवेव एक्शन प्लान: जिला प्रभारी सचिव

**चमकता राजस्थान**

जयपुर, (खलील कुरैशी) 28 मई। प्रदेश में जारी भीषण गर्मी एवं हीटवेव से आमजन को राहत दिलाने के लिए सभी विभागों के अधिकारी समन्वय स्थापित हीटवेव एक्शन प्लान तैयार करें एवं इसका प्रभावी क्रियान्वयन भी करें। यह कहना है जयपुर के जिला प्रभारी सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक का। आलोक ने मंगलवार को यह बात जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी फील्ड में मुस्तैद रहें। बिजली, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभाग एवं प्राधिकरण समन्वय के साथ काम करें एवं आमजन तक हर संभव राहत पहुंचाएं। साथ ही आलोक ने बैठक में हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों को देखते हुए अस्पतालों एवं चिकित्सा केन्द्रों में साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता एवं कार्मिकों की विशेष व्यवस्था करने के साथ-साथ कूलर एवं पंखों के अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय अस्पतालों एवं चिकित्सा केन्द्रों में दवा वितरण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए पर्याप्त फार्मासिस्ट्स की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रभारी सचिव आलोक ने जिले में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में जाकर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करें एवं आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने पानी के पुर्नउपयोग एवं आपूर्ति के निर्देश देते हुए कहा कि कृषि एवं घरेलू पेयजल आपूर्ति में समानता रखी जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि बिजली मित्र एप के जरिये कम समय में समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। बैठक से पहले जिला प्रभारी सचिव श्री आलोक ने बस्सी स्थित राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जयपुर में हिंगोनिया गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।वहीं बैठक में जिला प्रभारी सचिव आलोक ने सभी राजकीय विभागों के ई-फाइल डिस्पोजल समय एवं अधिकारियों/कार्मिकों की कार्यक्षमता एवं समय पालन की समीक्षा की साथ ही लम्बित भू-हस्तान्तरण, भू-रूपान्तरण एवं भू-आवंटन की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में प्रभारी सचिव ने कहा कि रात्रि चौपाल के दौरान मिलने वाली शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संपर्क पोर्टल पर अपलोड करने एवं समस्याओं के निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रात्रि चौपाल के दौरान सायबर अपराधों से बचाव एवं हेल्प लाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाने की प्रक्रिया के साथ साथ ऑनलाइन जमाबंदी डाउनलोड करने जैसी जरूरी जानकारियां भी आमजन को मुहैया करवाई जाए। उन्होंने जिले में संचालित गोशालाओं के बेहतर प्रबंधन एवं संचालन के निर्देश दिये। साथ ही जिले में सघन पौधारोपण सुनिश्चित करने के लिए पौधारोपण अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए भी हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये।



- ➲ जयपुर जिले के प्रभारी सचिव आलोक ने ली समीक्षा बैठक
- ➲ अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर आमजन तक हर संभव राहत पहुंचाने के दिये निर्देश
- ➲ जिला प्रभारी सचिव ने बस्सी में स्वास्थ्य केंद्रों एवं जयपुर में हिंगोनिया गौशाला का किया निरीक्षण

**बैठक ये गणमान्य अधिकारीगण रहे मौजूद**

बैठक में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जॉसेफ, जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, नगर निगम जयपुर ग्रेटर कमिश्नर रुकमणी रियार, नगर निगम जयपुर हैरिटेज कमिश्नर अभिषेक सुराणा, जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) राजकुमार कस्वां, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर अलका विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) सुमन पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाह सहित बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलक्ट्रेट सभागार में गैर सरकारी संगठनों के संचालकों के साथ बैठक

## गर्मी एवं हीटवेव से इंसानों के साथ-साथ बेजुबानों को भी मिले राहत

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** भीषण गर्मी एवं हीटवेव से आम इंसान से बेजुबान तक हर कोई प्रभावित हो रहा है। ऐसे में जिला प्रशासन ने गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर आमजन एवं बेजुबानों को राहत पहुंचाने की पहल की है। इसी कड़ी में जिला कलक्टर जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में गैर सरकारी संगठनों के संचालकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिले के प्रमुख गैर सरकारी संगठनों के संचालकों ने शिरकत की। जिसमें मुख्य सचिव महोदय के निर्देशानुसार भीषण गर्मी एवं हीटवेव के दौरान कोई भूखा एवं प्यासा ना रहे सरकार की इस नेक मंशा को साकार करने के लिए चर्चा की गई। जिला प्रशासन एवं गैर सरकारी संगठन मिलकर आमजन के साथ-साथ बेजुबानों तक राहत पहुंचाने का काम करेंगे।बैठक में गैर सरकारी संगठनों के संचालकों से ग्रीष्म ऋतु के दौरान जिले में अलग-अलग स्थानों पर आमजन एवं बेजुबान जीव-जंतुओं के लिए पर्याप्त खाद्य सामग्री एवं पेयजल उपलब्ध करवाने एवं इनसे जुड़े संसाधन उपलब्ध करवाने पर चर्चा हुई। बैठक में गैर सरकारी संगठनों के संचालकों ने जिला प्रशासन द्वारा जगह चिन्हित करवाने का सुझाव दिया गया ताकि पानी एवं खाद्य सामग्री का इंतजाम किया जा सके।



**बैठक में ये रहे मौजूद........**

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) सुमन पंवार सहित नया सवेरा संस्था के अखिलेश माहेश्वरी, टाबर संस्था के राकेश शर्मा, स्माइल फॉर ऑल सोसायटी के अंकित,प्रयास जल सोसायटी की मनीषा एवं अभय अनिल,बचपन बचाओ संस्था के मोहम्मद दिलशाद उपस्थित रहे।

### जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली सुविधाओं जैसे भोजन, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा कारागृह के बंदियो से रूबरू होकर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। जिला न्यायाधीश सतीश चंद ने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण मे पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक के माध्यम से अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय के माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर को भिजवावे जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके। इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है और वह अपील करना चाहता है तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जावेगा।निरीक्षण के उपरांत भीषण गर्मी को देखते हुए जिला न्यायाधीश सतीश चंद एवं सचिव डीएलएसए रेखा यादव ने जिला कारागृह परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रेखा यादव, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र सिंह, कार्यवाहक जेल अधीक्षक पूरन चंद शर्मा, हैड कॉनि. मनोज सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटियों को आत्मरक्षा सिखाओ के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता भूमिका कुन्तल का किया सम्मान

**चमकता राजस्थान**

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटियों को आत्मरक्षा सिखाओ के उद्देश्य पर क्रीड़ा भारती, जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब एवं भरतपुर आम रेसलिंग संघ के संयुक्त तत्वाधान में अभी हाल ही में हुई अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कजाकिस्तान में आयोजित एशियन सैवो प्रतियोगिता में भरतपुर की भूमिका कुन्तल के द्वारा ब्रांज मैडल जीतने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।सम्मान समारोह में ओमप्रकाश आर्य गुनसारा राज्यसभा राजस्थान, क्रीड़ा भारती भरतपुर जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह, जिला संयोजक वेद कुंतल गुनसारा, टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर, आर्म रैसलिंग संघ के जिलाध्यक्ष डॉ रविंद्र सिंह कुंतल ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर भरतपुर लोहागढ का नाम गौरवान्वित करने वाली खिलाड़ी भूमिका कुन्तल को साफा, माला, दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं खिलाड़ी भूमिका कुन्तल के पिताजी एवं मुख्य कोच की भूमिका अदा कर मैडल जीतने वाले खिलाड़ी तैयारकर्ता तेजेन्द्र सिंह उर्फ लाला पहलवान का भी माला, साफा एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में डॉ लोकेश सिंह, पूजा चौधरी जाटमासी, तेजेंद्र पहलवान, अनिरुद्ध पहलवान सिनसिनी, कुलदीप नगला चाहर, आदित्य मदेरणा, अभिषेक जाटोली, लवकुश आदि सभी ने माला पहनाकर खिलाड़ी का सम्मान किया।सम्मान समारोह के दौरान जिला आर्म रैसलिंग जिलाध्यक्ष डॉ रविंद्र सिंह कुंतल ने कहा कि भरतपुर में कई खेलों में पूर्व में खिलाड़ियों ने भरतपुर का नाम रोशन किया है, अब भरतपुर के खिलाड़ी खेलो इंडिया, नेशनल गेम्स, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर राजस्थान को मैडल रैली में सम्मान जनक स्थान दे रहे हैं। ऐसे में सरकार जिला प्रशासन को खिलाडियों को बेहतर खेल सुविधाएं वातावरण, खेल मैदान एवं उत्कृष्ठ खेल कोच उपलब्ध कराने चाहिए जिससे और बेहतर परिणाम के साथ प्रतिभाएँ आगे आयें। टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने भरतपुर के निवासी राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भरतपुर के खिलाडियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल उपकरण, खेल मैदान तथा खेल प्रशिक्षक देने की अपील की है। क्रीड़ा भारती के जिला संयोजक वेद कुंतल गुनसारा ने बताया कि भूमिका कुंतल का जून माह में होने वाली नेशनल आम रेसलिंगचैंपियनशिप 2024 नागपुर के लिए चयन हुआ है जो राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।कार्यक्रम के अंत में सम्मानित खिलाडी भूमिका एवं मुख्य कोच लाला पहलवान ने भी प्रतिभा सम्मान के लिए क्रीड़ा भारती, जयशंकर टाईगर क्लब एवं आर्म रेसलिंग संघ का हृदय से आभार प्रकट किया।



सीएम शर्मा की गृह ग्राम पंचायत क्षेत्र के गांव कौठेन खुर्द में आगजनी

## तीन घर व एक भैंस जली, लाखों का नुकसान

**चमकता राजस्थान**

**नदबई (राजवीर सिंह)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह भरतपुर जिले एवं गृह ग्राम पंचायत अटारी के गांव कौठेन खुर्द में मंगलवार को दोपहर आगजनी होने से तीन कच्चे घर जल गए और एक भैंस जल कर मर गई तथा लाखों रूपए का घरेलू सामान व ईंधन जल कर राख हो गया। आग की लपटे देख ग्रामीणों में चीख-पुकार और हा हा कार मच गया। गगवाना के सरपचं हरस्वरूप शर्मा एवं कौठेन के ग्रामीणों ने प्रशासन, पुलिस व दमकलकर्मियों को सूचना दी, सूचना पर कई स्थान से दमकले आई और जिला व उपखण्ड स्तर के अधिकारी व अन्य कर्मचारी आए। दमकलकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर करीब ढाई घन्टे में काबू पाया। आगजनी की सूचना पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला कलकटर डॉ.अमित यादव एवं एसपी मृदुल कच्छावा व अटारी के सरपचं सहित गांव के कई लोगों से आगजनी की जानकारी ली और अग्नि पीडित परिवारों को हिम्मत से काम लेने की कहा। साथ ही प्रशासन को पीडित परिवारों के नुकसान की रिर्पोट जल्द तैयार कर मदद करने के निर्देश दिए। हल्का पटवारी की रिर्पोट के अनुसार गांव कौठेन में आवासीय क्षेत्र में ईंधन-गोबर के उपले में आग जल जाने से इसी गांव के पूरन सिंह जाटव पुत्र बुद्धा जाटव, रूपसिंह जाटव पुत्र भदई जाटव एवं प्रकाश पुत्र सुख सिंह जाट के घर आग की चपेट में आ गए। साथ कई अन्य लोगों का ईधन जल गया। प्रकाश की एक भैंस जल कर मर गई तथा अन्य मवेशियां भी झुलस गई। साथ ही घरेलू सामान आदि जल कर राख हो गया। पूरन सिंह व रूप सिंह के घर जल गए और पक्के मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इन तीनों पीडित परिवारों का करीब एक-एक लाख रू का नुकसान आंका गया है।



- आग की लपटे देख ग्रामीणों में मची चीख पुकार
- दमकल व ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू
- सीएम शर्मा ने ली दूरभाष पर जानकारी, किया हर संभव मदद का वादा

### कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा : रविन्द्र सिंह



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा एवं नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र सिंह ने मंगलवार को शहर के एसडीएम कार्यालय व नगर पालिका कोर्ट परिसर में भीषण गर्मी को देखते हुए, प्यासे पक्षियों के लिए परिंडे लगाएं गये इस दौरान उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने शहर के लोगों से अपील की कि आप सभी शहर वासी अपने आस पास के मंदिर मस्जिद बगीची रमणीय स्थलों पर परिंडे लगाएं, एवं उनमें प्रतिदिन पानी भरें, देख भाल करें और हम सभी का यह संकल्प होना चाहिए कि कोई भी पक्षी पानी की कमी से व्याकुल नहीं हो इस दौरान उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा, अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता कैलाश चंद्र पाराशर, वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर कुमार त्यागी, एआरआई मांगीलाल गर्ग, चैयरमेन प्रतिनिधि होतम सिंह जाटव, वरिष्ठ लिपिक मजीद खान, वरिष्ठ सहायक लोकेश गर्ग, सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा, कनिष्ठ लिपिक यादवेन्द्र सिंह तोमर, कनिष्ठ लिपिक सुनील यादव, जोगेन्दर सिंह मीणा, सुमित तिवारी, तपेश बिधूडी, गोविंद सिंह यादव, मनु बिधूडी, शिवशंकर पचौरी, मुकेश वर्मा, विष्णु पुरोहित, हरी राजपूत सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बारां जिले में थाना छबड़ा पुलिस की कार्रवाई

- व्यापारी से लूट की घटना का खुलासा कर लूटी गई कार सहित तीन आरोपियों को किया बापर्दा गिरफ्तार
- पत्थर से ड्राइवर का सिर फोड़ कपड़ों से भरी कार व नगद रुपए लूटे थे



**चमकता राजस्थान। जयपुर/बारां !(खलील कुरैशी) 28 मई।** करीब 12 दिन पहले थाना छबड़ा अंतर्गत नारायणपुरा के जंगल में कपड़ा व्यापारी से मारपीट एवं ड्राइवर का पत्थर से सिर फोड़ कर कपड़ों से भरी इको कार एवं दस हजार रुपये नगद लूटने की घटना का थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को तलाश कर बापर्दा गिरफ्तार किया है एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि घटना के संबंध में प्रताप नगर निवासी व्यापारी जमनालाल जाटव (66) और उसके ड्राइवर रघुवीर जाटव ने थाना छबड़ा पर रिपोर्ट दी कि वह गांव-गांव जाकर साड़ी, लुगड़ी और पेटीकोट बेचने का काम करता है वह अपने ड्राइवर के साथ नारायणपुरा गांव गया था। जहां कपड़े बेच शाम करीब 5:00 बजे गांव पटना के लिए निकले। रास्ते में 25 से 30 साल के चार अज्ञात नकाबपोश लड़के मिले।उन लड़कों ने कार का आगे का शीशा पत्थर से फोड़ कर उन्हें रुकवा लिया और नीचे उतारकर मारपीट की। ड्राइवर के सिर पर पत्थर मारा, जिससे खून निकल आया। उसके बाद बदमाश उसकी कार मय कपड़े तथा गाड़ी में रखा बैग जिसमें 10 हजार रुपये थे, लूट कर भाग गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी चौधरी द्वारा आरोपियों की तलाश के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी व सीओ जयप्रकाश अटल के सुपरविजन एवं एसएचओ राजेश कुमार खटाना के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तलाश के दौरान टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि लूटी गई इको कार अकलेरा की तरफ से नारायणपुरा की तरफ आ रही है।अंधेरी नदी की पुलिया खेरखेड़ा नाथूराम के पास गठित टीम द्वारा नाकाबंदी की गई। इसी दौरान सन्दिग्ध बिना नंबरी ईको कार में बैठे तीन युवक भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें डिटेन किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम पता गांव नारायणपुरा निवासी धर्मराज उर्फ धर्मा भील पुत्र राम रतन (23), राहुल उर्फ नेवा पुत्र परमानंद (23) एवं नेनक राम भील पुत्र छोटू लाल (20) बताया।गाड़ी की तलाशी में एक नंबर प्लेट मिली जो कपड़ा व्यापारी से लूटी गई कार के थे। पूछताछ में आरोपियों ने कार व्यापारी से लूटना स्वीकार कर लिया। इस पर वाहन जप्त कर तीनों मुलजिमों को पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की टीम अब इनसे घटना में शामिल अन्य मुलजिमों तथा कार में भरे कपड़ों के बारे में पूछताछ कर रही है।

4 आरोपी गिरफ्तार, किराए की कार और चोरी के मोबाइल से देते थे वारदातों को अंजाम

# सुनसान इलाकों में लूट की वारदात करने वाली गैंग का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## खिलौना पिस्तौल दिखाकर करते थे लूट, बगरू पुलिस ने धर-दबोचा पूरा गिरोह

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) बगरू थाना पुलिस ने रात के समय सुनसान सड़कों पर राहगीरों को खिलौना पिस्तौल दिखाकर लूट की वारदात करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 4 आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। आरोपी खिलौना पिस्तौल की नोक पर डरा-धमकाकर मोबाइल फोन और नगद रुपए लूटकर फरार हो जाते थे। पेट्रोल पंपों से कार में ईंधन भरवाकर विना रुपए दिए ही फरार हो जाते थे। आरोपी अपनी पहचान छुपाने के लिए लूट किए गए मोबाइल फोन से ही ओला ऐप पर कार बुक करके कार चालक को सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ मारपीट करके लूट की वारदात करते थे। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार के मुताबिक 27 मई को परिवादी राकेश ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 24 मई को रात



करीब 7.45 बजे जेसीबी सर्कल के पास किराना की दुकान से दही लेकर पैदल वापस मकान पर जा रहा था। रास्ते में सुनसान सड़क पर सामने से एक कार आई, कार पर नंबर नहीं लिखे हुए थे। कार बराबर आकर रुकी और पीछे बैठे दो लोग उतरकर आए।जिनमें से एक व्यक्ति ने पिस्तौल जैसा हथियार दिखाकर डराया और धमकाकर रुपए और मोबाइल फोन निकाल लिए। पीड़ित के मोबाइल फोन के साथ ही 2500 नगदी और आधार कार्ड भी लूट कर ले गए। लूट करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल डीसीपी वेस्ट नीरज पाठक और एसीपी बगरू अमीर हसन के निर्देशन में बगरू थाना अधिकारी हरिशचंद्र सोलंकी के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया।बगरू पुलिस की इस स्पेशल टीम ने कर दिखाया कमाल बगरू पुलिस की स्पेशल टीम जिसमें कांस्टेबल नानगराम, कांस्टेबल मुकेश, कानि 10111, कांस्टेबल हंसाराम, कांस्टेबल रामेश्वर, कांस्टेबल मोतीलाल एवं पुलिस थाना सेज, तकनीकी सहायक हैड कांस्टेबल दिनेश कुमार शामिल थे, ने इस कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई। इस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाले।

### ● शराब पीने और मौज मस्ती के लिए करते थे लूट

» आरोपियों ने मानसरोवर जयपुर से एक ओला कैब बुक करवाई थी। सेज थाना इलाके में जाकर ओला कैब की आरसी, चालक का पैन कार्ड, आधार कार्ड, नगदी समेत अन्य सामान लूटकर ले गए थे। ओला कैब चालक को रास्ते में पटक कर फरार हो गए थे। ओला कैब के टायरों के व्हील कैप उतार कर अपनी कार में लगा लिए थे। आरोपी शराब पीने और मौज मस्ती के लिए लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में में और भी कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है आधार पर बदमाशों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपियों से पूछताछ करने पर सामने आया है कि आरोपी गैंग बनाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों ने रेंट पर कार ले रखी थी। कार की नंबर प्लेट हटाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे।

# भ्रष्टाचारियों को हमे सीख देने की जरूरत नहीं : मदन दिलावर

## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंत्रियों और विधायकों को दे रखी थी लूट की खुली छूट

### भजनलाल सरकार पूरे प्रदेश को परिवार मानकर कर रही सेवा :- शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री

चमकता राजस्थान

जयपुर( खलील कुरैशी), । शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा भाजपा सरकार पर दिए बयान को लेकर जोरदार हमला बोला । दिलावर ने कहा कि नो सौ चूहे खाकर बिल्ली हज करने को चली है। भ्रष्टाचारी हमें सिखा रहे हैं कि कैसे काम करना है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की सरकार पूरी तरह प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए काम कर रही है। इससे भ्रष्टाचारियों के पेट मे दर्द हो रहा है। भर्ती परीक्षाओं मे पेपर बेच कर युवाओं के सपनो को चकना चूर करने वाले लोग किस मुंह से भाजपा सरकार परटीका-टिप्पणी कर रहे है? उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गा-



रंटी और भारतीय जनता पार्टी की रीति और नीति पर विश्वास करके हमें भारी बहुमत के साथ 5 साल का जनादेश दिया है। जनता के विश्वास पर हमारी सरकार पूरी तरह खरी उतरेगी। दिलावर ने कहा कि हमने सरकार का गठन होते ही पहले अंतरिम बजट से ही जनता के हित में महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं जिनमें, किसानों के लिए गेंहू का एमएसपी बढ़ाना, गरीब परिवार की महिलाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 15 प्रतिशत की वृद्धि, पेट्रोल डीजल के दामों में कमी जैसे जनकल्याणकारी फैसले शामिल हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और अपराध के प्रति हमारी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। हमने खनन माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पेपर लीक कर युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकलेने वाले दोषियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा है। दिलावर ने कहा कि कांग्रेस को उसके कुकर्मों की सजा जनता ने दी है। पिछली सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए विधायकों और मंत्रियों को लूट की खुली छूट दे रखी थी।

### इस बार झूठे जुमलों के बहकावे में नहीं आयेंगी जनता, निश्चित रूप से हार का मुँह देखनें जा रहें मोदी : टीकाराम जूली



**चमकता राजस्थान। जयपुर/पंजाब।** कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक, नेता प्रतिपक्ष एवं गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक टीकाराम जूली ने पंजाब के गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखजिंदर सिंह रंधावा के समर्थन में पठानकोट में हल्काभोआ विधानसभा के ब्लाक अध्यक्ष , सेक्टर अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, ब्लॉक समिति सदस्य, यूथ कांग्रेस सदस्य की आगामी 30 मई को होने वाले रोड शो की तैयारियों के लेकर बैठक आयोजित की।जूली ने कांग्रेस पदाधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के आखिरी तीन दिन में पूरे दमखम के साथ जुट जाए और यहां के प्रत्याशी को जिताने का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि युवा पूरी तरह अपनी कमर कस ले, बूथ लेवल तक के कार्यकर्ता तक हमें जमीनी स्तर पर काम करना है। उन्होंने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन का जिस तरह का माहौल बन रहा है उससे यह स्पष्ट है कि राजस्थान और हरियाणा के बाद हम पंजाब भी जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 10 वर्ष का उमंग और जोश अब निराशा में बदल गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब का किसान और युवा अन्याय का बदला आगामी 4 जून को अपने मत का उपयोग कर लेगा। उन्होंने कहा कि संविधान और आरक्षण को मिटाने वाली केंद्र की मोदी सरकार की इस लोकसभा चुनाव में हार सुनिश्चित है।


30 मई से 3 जून तक होगा आयोजित, देश के हर कोने से आते हैं सर्व समाज के अकीदतमंद जायरीन

# सूफी संत और सामाजिक समरसता के प्रतिक हज़रत मौलाना जियाउद्दीन साहब रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स मुबारक 2024:

## उर्स के दौरान कुरान ख्वानी,मिलाद शरीफ़, महफ़लि ए शंमा, कव्वाली, फातिया ख्वानी आदि कार्यक्रम होंगे मुन्तकीद

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** हजरत मौलाना जियाउद्दीन साहब रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स मुबारक उर्दू 21 जीकादा ता 25 जीकादा हर साल आयोजित किया जाता है जो कि इस साल अग्रेंजी तारीख के हिसाब से 30 मई से 03 जून, 2024 तक चलेगा। उर्स के दौरान दरगाह शरीफ में फातिहा ख्वानी, मीलाद शरीफ, महफिले सिमां, तरही मुशायरा व कुरआन ख्वानी आयोजन होता है। कार्यक्रम में जयपुर शहर की तमाम कव्वाल पार्टियाँ महफिले सिमां में सुफियाना कलाम पेश करती हैं। उर्स के दौरान दरगाह शरीफ में हर मजहबों मिल्लत के मानने वाले जियारत करते हुए देखे जा सकते है। आपकी दरगाह सब धर्मों के मानने वालो की आस्था



व अकीदत का मरकज मालूम होती है। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते मुतावल्ली और सज्जादानशीन सैयद जियाउद्दीन उर्फ़ जिया मियां ने बताया कि हज़रत मौलाना जियाउद्दीन साहब रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह राजधानी जयपुर के चार दरवाजा परिक्षेत्र में स्थित है जो कि बारादरी से घिरे हुए खूबसूरत नक्श व निगार वाले दर व दीवार के दरमियान हज़रत मौलाना जियाउद्दीन साहब का मज़ारे अक्दस जायरीन की अकीदत व निस्बत का मरकज है।आपके दर पर हजारो लोग देश के कोने-कोने से दर्शन करने आते है। यहां अपनी मुरादे और मन्नतें मानते है। जायरीन की बात मानें तो उन्हें मौलाना साहब की दरगाह में बेइन्तेहा सुकून और राहत का एहसास होता है। जहां खुदा के नेक बन्दे होते है वहां खुदा की रहमत की बारिश होती है और मौलाना साहब की दरगाह इस हकीकत का जीता जागता सबूत है। जो शख्स भी यहां अकीदत से आता है सुकूने दिल पाता है वह कभी भी खुदा की रहमत से महरूम नहीं होता।

### सज्जादानशीन सैयद जियाउद्दीन उर्फ जिया मियां ने साझा की मौलाना साहब के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

दरगाह मौलाना साहब के मुतावल्ली और सज्जादानशीन सैयद जियाउद्दीन उर्फ जिया मियां ने मौलाना साहब की जिंदगी पर प्रकाश डालते हुए फ़रमाया कि जयपुर शहर में मौलाना साहब के नाम से मशहूर 18 वीं सदी ई. में चिश्तीया सिलसिले के मशहूरो माउरूफ बुजुर्ग हज़रत मौलाना जियाउद्दीन साहब (रह.) हुए है जिनकी दरगाह चारदरवाज़ा जयपुर में स्थित है। आप दिल्ली की बस्ती हज़रत निज़ामुद्दीन में पैदा हुऐ थे। आप हज़रत मौलाना फखरूद्दीन देहलवी (रह.) के खलीफा थे। आप बहुत ही इबादतगुजार दयालु और खुदा के बन्दों से मोहब्बत करने वाले सुफी थे। अपने पीर मौलाना फखर साहब के ज़ेरे तालीम व तर्बियत रहे, मौलाना साहब ने दीनी तालीम के साथ-साथ अपने पीर से फकीराना फैज़ भी हासिल किया।एक रोज़ आपके पीर हज़रत मौलाना फ×खर साहब ने आप से फरमाया कि ऐ जियाउद्दीन ! मुझे दुन्ढार की तरफ से तुम्हारी खुशबू आ रही है, तुम्हारी विलायत ढुन्ढार की तरफ है जाओ वहाँ जाकर सिलसिला फैलाओं। अपने पीर का हुक्म सुनते ही आपने जयनगर (जयपुर) की रवानगी ली और जब मौलाना जयनगर पहुंचे उस वक्त यहाँ महाराजा सवाई प्रताप सिंह की हुकूमत थी। महाराजा साहब भी आपके भक्तों में शामिल थे और प्रतिदिन आपके दर्शन करने आते थे।हज़रत मौलाना साहब ने जयपुर में अपनी उम्र का एक तवील अरसा गुजारा और ता-हयात खुदा का पैगामे मोहब्बत लोगों को पहुंचाते रहे खुदा की म×खलूक से मोहब्बत व शफकत और उनकी खिदमत करना ही आपका तरीका था।दरगाह के बुलन्द दरवाज़े से अन्दर दाखिल होते ही बायें जानिब अजमेर शरीफ की दरगाह की तरह ही देग बनी हुई है जिसमें उर्स का लंगर बनाया जाता है। यहां से थोड़ा आगे चलने पर दरगाह के अन्दरूनी अहाते में दाखिल होते ही दायें जानिब मौलाना जियाउद्दीन साहब का आलीशान आस्ताना है।

## एक नजर

### जिला कलक्टर ने किया केन्द्रीय बस स्टेण्ड व रेलवे स्टेशन का निरीक्षण




**चमकता राजस्थान। अलवर! 28 मई।** जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने आज शाम केंद्रीय बस स्टेण्ड एवं रेलवे स्टेशन अलवर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिला कलक्टर ने अलवर आगार कि मुख्य प्रबंधक को निर्देशित किया कि हीट वेव को दृष्टिगत रखते हुए यात्रियों के लिए पेयजल व्यवस्था, पंखे, कुर्सियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही स्टेण्ड पर साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। स्टेण्ड पर व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्धारित स्थानों पर कचरा पात्र रखवाए। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि बस स्टेण्ड पर विक्रय की जाने वाली खाद्य सामग्रियों की सैम्पलिंग लेकर गुणवत्ता जांच करावे ।

**● रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण**

इसके उपरान्त जिला कलक्टर अलवर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन अधीक्षक से यात्रियों के लिए कि गई व्यवस्थाओं कि जानकारी लेकर हीट वेव को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व पंखों आदि कि पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

### बलौदाबाजार : खूब पिये पानी,बढ़ती गर्मी के साथ लू से बचाव है जरूरी : सीएचएमओ



**बलौदाबाजार।** जिले में तेज गर्मी को देखते हुए हीट वेव या लू से बचाव एवं स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इससे बचाव करने के लिए विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि, तेज धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में पानी एवं खनिज -लवण की कमी हो जाती है जिसे लू की स्थिति कही जाती है। सिर में भारीपन, शरीर में तेज दर्द, तेज बुखार, चक्कर,उल्टी आना,कमजोरी आना,बार बार मुंह सूखना,पेशाब कम आना अथवा बेहोशी ये कुछ लक्षण हैं जो लू को प्रकट करते हैं।

### सड़क काट कर गांव तक पहुंची जेसीबी ग्रामीणों ने फूलमालाओं से किया स्वागत

**गोपेश्वर।** यदि सब कुछ ठीक-ठाक चला तो चमोली जिले के देवाल विकास खंड के धरातल्ला गांव में जल्द ही वाहनों की आवाजाही शुरू हो जायेगी। मंगलवार को सड़क की कटिंग का कार्य पूरा करते हुए जेसीबी मशीन गांव तक पहुंची तो ग्रामीणों ने जेसीबी चालक, ठेकेदार और मुंशी का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। नंदकेसरी से धरातल्ला गांव पांच किलोमीटर की दूरी पर है। इस गांव को सड़क से जोड़ने के लिए 25 नवम्बर 2023 में सड़क कटिंग का कार्य शुरू हुआ था। ठेकेदार की ओर से सड़क कटिंग का कार्य तेजी के साथ करते हुए मंगलवार को जेसीबी मशीन सड़क का कटिंग का कार्य करते हुए गांव तक पहुंच गई।

### कई स्थानों पर बने पुलों की हालात चिंताजनक

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के नंदा देवी राजजात यात्रा का थराली-देवाल-लोहाजंग-वाण मोटर मार्ग के किलोमीटर 18 पर बमणबेरा गदेरे में बना हरिपुर मोटर पुल के ऊपर बिछा लेंटर उखड़ जाने के कारण इसमें सरिया के जाल से आर पार दिखने लगा है। यदि समय रहते विभाग ने पुल का ट्रीटमेंट नहीं किया गया तो मोटर पुल में कभी भी काई बड़ी दुघर्टना होने की आशंका बनी हुई है। नंदा देवी राजजात मोटर मार्ग के थराली से वाण तक बने विभिन्न स्थानों पर बने पुलों की हालात चिंताजनक है।

### गुरुकुल के 17 छात्रों का चयन

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कारपोरेट अफेयर्स एण्ड आउटरीच सेल के इन्चार्ज सीएओसी एवं ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डा. राजुल भारद्वाज ने बताया कि कम्पनी ने समविश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् कम्पनी ने 17 छात्रों का चयन किया। इसमें अपोलो हास्पिटल्स कम्पनी से एचआर अधिकारी प्रिया मिश्रा और उनकी टीम ने बीफार्मा से 08 छात्र सागर, मनोज, मोहित, विशाल एवं प्रिंस प्रताप आदि का चयन किया।

## जेडीए स्वामित्व वाली सरकारी जमीन को करवाया अतिक्रमण मुक्त

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने दिया न्यायसंगत प्रभावी कार्रवाई को अंजाम

## दो बीघा भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त





**चमकता राजस्थान**

जयपुर !(खलील कुरैशी) 28 मई। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी करीब 02 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्त एवं आगरा रोड़ जामड़ोली बल्लूपुरा में अवैध निर्माण ध्वस्त तथा ईकोलोजिकल जोन में आगरा रोड़ पाड़ली मीणा में जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड़ पर ग्राम जयसिंहपुरा में हॉटल हैवेन्स के पास जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''ग्रीन सिटी'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड़, जामड़ोली बल्लूपुरा जिला जयपुर के खसरा नं.-11, 84, 86 कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमति के विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई नव निर्मित अवैध बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण करने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

### जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त

» जोन–10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड़ पाड़ली मीणा ग्राम बावड़ी के पास जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि पर कब्जा–अतिक्रमण कर (घूमन्तू) लोहार जाति के लोगों द्वारा बाउण्ड्रीवाल, टीनषेडनुमा, अवैध निर्माण कर, तिरपाल लगाकर व अन्य अवैध निर्माण कब्जा–अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर जोन–10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन–10, 11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## हिमाचल के हितों की पैरवी नहीं कर पाए जेपी नड्डा : रोहित ठाकुर

**शिमला। एजेंसी**




कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा अपने घर हिमाचल प्रदेश में केवल राजनीतिक पर्यटक बन कर रह गए हैं। चुनाव के दिनों में वह हिमाचल के लोगों से वोट मांगने के लिए आते हैं और इतने बड़े पद पर रहते हुए भी वह दिल्ली में हिमाचल प्रदेश के हितों की पैरवी करने में नाकाम रहे हैं। रोहित ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि पिछले मानसून सीजन में हिमाचल प्रदेश में आई सबसे बड़ी आपदा के दौरान नड्डा आपदा प्रभावित परिवारों को केंद्र सरकार से एक पैसे की भी विशेष मदद दिलाने में नाकाम रहे, जबकि इस आपदा में 550 से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और राज्य को 12 हजार करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार से मिलने वाली आर्थिक मदद भी कम हुई है। केंद्र से मिलने वाली रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट को घटाकर कर 1800 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिसे अगले वर्ष और कम कर दिया जाएगा।

यही नहीं, जीएसटी कंपोनेंट के अंतर्गत प्रति वर्ष मिलने वाली 2500 करोड़ रुपए की धनराशि भी बंद कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने पर हिमाचल प्रदेश के लिए ऋण लेने की सीमा 4 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत कर दी गई है।

## जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने की जरूरत : शान्ता कुमार

**शिमला। एजेंसी**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा कि चुनाव का अन्तिम दौर जोर शोर से एक जून की तरफ बढ़ रहा है। वर्तमान सरकार के विरूद्ध सबसे बड़ी बात गरीबी और बेरोजगारी कहीं जा रही है। मैं यह मानता हूं कि आज भी कुछ स्थानों पर गरीबी और बेरोजगारी है परन्तु बड़े जोर से कहना चाहता हूं कि इसकी जिम्मेदारी वर्तमान सरकार पर नही है। शान्ता कुमार ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मोदी सरकार ने गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के लिए कई योजनाएं चलाई है। 25 करोड़ गरीब गरीबी से बाहिर भी निकले है। करोड़ों युवकों को रोजगार भी मिला है। इतनी योजनाएं मोदी सरकार ने चलाई है। इससे बढ़कर कोई सरकार और कुछ नहीं कर सकती। इस सबके बाद भी जो गरीबी और बेरोजगारी है उसका कारण केवल बढ़ती आबादी का विस्फोट है। मुझे दुख है कि भारत की आज की इस सबसे बड़ी समस्या पर इस चुनाव में राजनैतिक दलों ने कोई चर्चा नहीं की। 1947 में 35 करोड़ भारत की जनसंख्या आज 77 वर्ष के बाद 144 करोड़ हो गई है। 77 वर्ष में लगभग 100 करोड़ आबादी का बढ़ना विचारणीय है गंभीर है। आज भी प्रतिवर्श देश की आबादी एक करोड़ 20 लाख बढ़ जाती है। टिडी दल की तरह बढ़ती ऐसी जनसंख्या की गरीबी व बेरोजगारी कोई भी सरकार समाप्त नहीं कर सकती।

शान्ता कुमार ने कहा विश्व के 190 देशों में प्रतिवर्ष लगभग 8 करोड़ आबादी बढ़ती है। उसमें केवल भारत में एक करोड़ 25 लाख और बाकी की 6 करोड़ 189 देशों में। विश्व के बहुत से देशों में बढ़ती आबादी को रोक लिया है। उन्होंने कहा पिछले वर्ष 15 अगस्त के भाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस समस्या का जिकर करते हुए कहा था जनसंख्या विस्फोट भयंकर समस्या है इसकी ओर ध्यान देना चाहिए। शान्ता कुमार ने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस चुनाव के बाद नरेन्द्र मोदी पहला काम यह करेंगे कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनायेंग और देश थोड़ी बहुत बची हुई गरीबी और बेरोजगारी से मुक्त हो जाएगा।

### एसीबी की हिरासत में सफाई घोटाले के आरोपी एक्सियन व एसडीओ

**कैथल।** कोरोना काल के दौरान कैथल जिला परिषद में सफाई के नाम पर आए 11 करोड़ रुपये के घोटाले में कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जिला परिषद के एक्सियन और एसडीओ सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया है। मंगलवार सुबह से एसीबी की दस टीमों द्वारा यहां जांच की जा रही है। वर्ष 2021 में घोटाले के समय कैथल में एसडीओ रहे रोहतक के तत्कालीन पंचायती राज के एक्सियन नवीन, कैथल में पंचायती राज के के जसबीर सिंह, इसी मामले में पंचायती राज के ठेकेदार गांव फरीदाबाद निवासी दिलबाग सिंह, गांव फतेहपुर निवासी अभय संधू व पुंडरी निवासी अनिल पुत्र शशि भूषण को एंटी करप्शन ब्यूरो ने हिरासत में लिया है। एबीसी के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ के बाद शाम को पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार वर्ष 2021 में ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर इस साल जिला परिषद में 31 करोड़ 64 लाख रुपये की राशि आई थी। इसमें से करीब 11 करोड़ की राशि गांव में स्वच्छता अभियान पर खर्च होनी थी।

## समाज को प्रेरणा देने का कार्य करता है बजरंग दल : आनंद

**हरिद्वार। एजेंसी**

विश्व हिन्दू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग गुरुकुल महाविद्यालय के प्रांगण में आठ दिवसीय जारी है। प्रशिक्षण वर्ग 31 मई तक चलेगा। बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में आज विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत अध्यक्ष रविदेव आनंद ने बजरंग दल की स्थापना, उद्देश्य और उपलब्धियां विषय पर युवा शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि 8 अक्टूबर सन 1984 को बजरंग दल का जन्म श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से हुआ था।

**● युवाओं में सामाजिक संस्कारों के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति का जागरण करने का काम बजरंगदल के माध्यम से किया जाता है**



संघर्ष से जन्म लेकर हिंदुत्व के लिए, गौरक्षा के लिए, हिन्दू कन्या, मठ मन्दिर, साधु संतों की रक्षा के लिए सतत संघर्ष का संकल्प लेकर हिन्दू समाज को सेवा सुरक्षा संस्कार के माध्यम से संगठित कर राष्ट्रीय विचारों का प्रबोधन कर युवा शक्ति को खड़ा करना बजरंग दल का कार्य है। युवाओं में सामाजिक संस्कारों के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति का जागरण करने का काम बजरंगदल के माध्यम से किया जाता है। रक्तदान शिविर, आपदा प्रबंधन, कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास, धर्म जागरण हेतु मठ मंदिरों में सत्संग, जागरण, श्रीहनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन इत्यादि बहुत से रचनात्मक कार्यों द्वारा बजरंग दाल सेवा कार्यों में अपना योगदान समाज को दे रहा है। अपने देश एवं राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति निष्ठावान ये बजरंगी देश और समाज में प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करने में संलग्न है, जो असमय होने वाले प्रत्येक घात-प्रतिघात का समुचित प्रतिकार करने की प्रेरणा समाज के अंदर देने का काम करता है।

रविदेव आनंद ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के कार्य के लिए हनुमान सदा उपस्थित रहे है, उसी प्रकार आज के युग में प्रभु श्रीराम जी के कार्य के लिए यह बजरंगियों की टोली बजरंग दल के रूप में कार्य करेगी। बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में युवा बजरंगियों को राष्ट्रभक्ति और देवभक्ति के प्रति समर्पण की शिक्षा देते हुए बजरंग दल के प्रांत संयोजक अनुज वालिया ने कहा कि इस राष्ट्र मंदिर के सजग प्रहरी बजरंगदल के कार्यकताओं के अनथक सामाजिक कार्यों एवं अन्यान्य प्रयासों की जितनी भी सराहना की जाये कम है। बजरंगदल किसी के विरोध में नही बल्कि हिन्दूओं को चुनौती देने वाले असमाजिक तत्वों से रक्षा के लिये है।

## इजराइल के पश्चिमी रफाह पर हुए हमले में 45 विस्थापितों की मौत, नेतन्याहू ने दुख जताया

**यरुशलम। एजेंसी**



इजरायल और फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के बीच पिछले साल से जारी जंग की लपटें और विकराल हो गई हैं। इजराइल की सेना ने इस बार दक्षिणी गाजा के पश्चमी रफाह में बड़ी जवाबी कार्रवाई की। इजराइल ने यहां हवाई हमला किया। इस हमले में 45 लोग मारे गए। मरने वालों में 23 महिलाएं, बच्चे और वृद्ध हैं। सभी विस्थापित बताए गए हैं। इस हमले की कई देशों ने आलोचना भी की है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस सैन्य कार्रवाई पर अफसोस जताया है। उन्होंने कहा है, "बहुत बड़ी गलती हो गई"। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हवाई हमले की वजह से विस्थापित लोगों के तंबुओं में आग लग गई और लगभग 45 लोगों की झुलसने से मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 से जारी इजराइल के हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 36,050 पहुंच गई है। बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले को लेकर अपनी गलती मानी है। नेतन्याहू ने कहा कि सैन्य कार्रवाई का उद्देश्य किसी भी इंसान को नुकसान पहुंचाना नहीं था। इस हमले की जांच की जाएगी। उन्होंने संसद में एक भाषण में कहा कि दुर्भाग्य से इस हवाई हमले में कुछ नागरिकों की मौत हो गई है। हमास नेता सामी अबू जुहरी ने इसे नरसंहार बताते हुए इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। उल्लेखनीय है कि रफाह में इजराइल की सेना और हमास के आतंकियों के बीच दो हफ्ते से लड़ाई जारी है।

रफाह की इस घटना के बाद यूरोपीय नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के रफाह में सैन्य कार्रवाई रोकने के फैसले को तत्काल लागू किए जाने की जरूरत बताई है।

## एक नजर

### बीडब्ल्यूएफ 2024 : भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी पीवी सिंधु



**कल्लांग।** भारत की शीर्ष शटलर, पीवी सिंधु आज से शुरू हो रहे सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। हाल ही में कुआलालंपुर में मलेशिया मास्टर्स में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद सिंधु सिंगापुर में अपने खिताबी सूखे को समाप्त करना चाहेंगी। पुरुष युगल स्पर्धा में भारत के चिराग शेट्टी/सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी पर सभी की निगाहें होंगी, जो फ्रेंच और थाईलैंड ओपन के बाद सीजन के अपने तीसरे खिताब की तलाश में हैं। मौजूदा ओलंपिक एकल चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन और चेन युफेई बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में शीर्ष वैश्विक सितारों के विश्व स्तरीय वर्गीकरण का नेतृत्व करेंगे। पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन खेलों में अपने ओलंपिक ताज का बचाव करने की राह पर, एक्सेलसेन ने रविवार को फाइनल में मलेशियाई ऐस ली जी जिया को हराकर मलेशिया मास्टर्स पुरुष एकल खिताब जीता। एक्सेलसन अपने अभियान की शुरूआत राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा चैंपियन भारत के लक्ष्य सेन के खिलाफ करेंगे।

### चार दिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलेंगी ऑस्ट्रेलिया-भारत की ए टीमें



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए की बीच दो मैचों की चार दिवसीय श्रृंखला इस साल के अंत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले होगी, जो भारतीय टीम की तैयारी और दोनों पक्षों के खिलाड़ियों के लिए टेस्ट चयन के लिए दावा पेश करने का मौका है। दोनों टीमों के बीच पहला मैच 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना में और दूसरा मैच 7 से 10 नवंबर तक एमसीजी में खेला जाएगा। पूरी भारतीय टीम, जिसमें मुख्य टूर पार्टी और ए टीम दोनों शामिल हैं, पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में 22 नवंबर से शुरू होने वाले शुरूआती टेस्ट से पहले 15 से 17 नवंबर के बीच वाका में आंतरिक अभ्यास कार्यक्रम आयोजित करेगी। ऑस्ट्रेलिया के दृष्टिकोण से, दो ए मैच पाकिस्तान के खिलाफ वनडे और टी20ई के साथ ओवरलैप होंगे, इसलिए चयनकर्ताओं को यह तय करने की आवश्यकता हो सकती है कि क्या सफेद गेंद वाली टीमों में कोई खिलाड़ी शामिल है जो संभावित रूप से ए टीम के लिए खेल सकता है।

### फ्रेंच ओपनः पुरुष एकल के पहले दौर में खाचानोव से हारे सुमित नागल

**पेरिस।** शीर्ष भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल को सोमवार देर रात यहां फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल के पहले दौर में 18वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से हार का सामना करना पड़ा। नागल के लिए यह एक कठिन मैच होने की उम्मीद थी क्योंकि वह एक शीर्ष -20 खिलाड़ी का सामना कर रहे थे, हालांकि मैच में उन्होंने खाचानोव को कड़ी चुनौती दी और मैच को टाईब्रेकर तक ले गए। 26 वर्षीय नागल अंततः कोर्ट 7 पर खेले गए 2 घंटे और 27 मिनट के मैच में 6-2, 6-0, 7-6(5) से हार गए, जो शुरू में बारिश से बाधित था। नागल ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो डबल फॉल्ट की तुलना में चार डबल फॉल्ट किए और खाचानोव के 68 प्रतिशत की तुलना में अपनी दूसरी सर्व का केवल 55 प्रतिशत ही लगा सके।

### रोलैंड गैरोस में अपने संभावित आखिरी मैच के बाद राफेल नडाल ने कहा- यह क्षण विशेष था

**नई दिल्ली।** कोर्ट फिलिप-चैटरियर में यह एक भावनात्मक शाम थी क्योंकि 'किंग ऑफ क्ले' राफेल नडाल सोमवार को रोलैंड गैरोस 2024 के पहले दौर में चौंकाने वाली हार के साथ बाहर हो गए। भले ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की हो, लेकिन दिल नडाल के लिए उमड़ पड़ा, जिन्होंने शायद ग्रैंड स्लैम का अपना आखिरी मैच भी खेला। मैच के बाद नडाल ने स्टेडियम में दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा यह आखिरी बार है जब मैं यहां आप सभी के सामने हूं, मैं 100% निश्चित नहीं हूं, लेकिन अगर यह आखिरी बार था, तो मुझे कहना होगा कि मैंने इसका आनंद लिया।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ा

- तीन प्रीमियर लीग खिताब और एक यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीता



**रियाद। एजेंसी**

पुर्तगाल और अल नासर के स्टार के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सबसे अधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया है। सऊदी प्रो लीग मैच में सोमवार को रोनाल्डो ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में और बाद में 69वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को अल इत्तिहाद के खिलाफ 4-2 से जीत दिला दी। इन दो गोलों के साथ, मौजूदा सऊदी प्रो लीग सीजन में रोनाल्डो के गोलों की संख्या कुल 35 गोल तक पहुंच गई, जिससे उन्होंने 2018-19 सीजन में मोरक्को के अब्देर्राजक हमदल्ला द्वारा बनाए गए 34 गोलों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

रिकॉर्ड तोड़ने के बाद उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं रिकॉर्ड्स का अनुसरण नहीं करता, रिकॉर्ड मेरा अनुसरण करते हैं। शुक्रवार को किंग कप के फाइनल में जब अल नासर का सामना अजेय टीम अल-हिलाल से होगा तो रोनाल्डो एक्शन में दिखेंगे। क्लब ने दिसंबर 2022 में रोनाल्डो के साथ अनुबंध किया। ईएसपीएन के अनुसार, 37 वर्षीय खिलाड़ी को प्रति वर्ष 75 मिलियन डॉलर मिल रहे हैं, जिससे वह इतिहास में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले फुटबॉलर बन गए हैं।

रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ दो बार काम किया है। क्लब के साथ उनका पहला कार्यकाल 2003-09 तक रहा। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में क्लब के लिए 196 मैच खेले और 84 गोल किये। उन्होंने उनके साथ तीन प्रीमियर लीग खिताब और एक यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीता।

इसके बाद वह 2009 से 2018 तक रियल मैड्रिड में रहे और क्लब के इतिहास में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने टीम के साथ अपने नौ अविश्वसनीय रूप से सफल सीजन बिताए। इस दौरान उन्होंने ला लीगा चैंपियनशिप और चार चैंपियंस लीग भी जीती। 292 मैचों में, उन्होंने उनके लिए 311 गोल किए। मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए उनका दूसरा कार्यकाल 2021-22 में आया, जिसमें उन्होंने 40 मैचों में 19 गोल किए।

## स्पेन ने अस्थायी टीम घोषित की युवा फर्मिन लोपेज नया चेहरा



**मैड्रिड। एजेंसी**

स्पेन के मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते ने सोमवार को यूईएफए यूरो 2024 के लिए 29 सदस्यीय अनंतिम टीम की घोषणा की। टीम में बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी फर्मिन लोपेज को पहली बार बुलाया गया है। फुएंते ने दानी कार्वाजल और लैमिन यामल को टीम में शामिल किया, जबकि मार्को असेंसियो टीम में जगह बनाने से चूक गए। फुएंते ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा मैं असेंसियो की प्रशंसा करता हूं। आइए उन लोगों पर ध्यान केंद्रित करें जो यहां हैं और उन्हें वह मूल्य दें जिसके वे हकदार हैं, दूसरों को संदेह हो सकता है, लेकिन मैं इसके बारे में स्पष्ट हूं। हो सकता है कि उन खिलाड़ियों में से एक जिसके बारे में अब मैं सोच रहा हूं कि वह टूर्नामेंट के लिए जगह नहीं बना पाएगा, मेरा मन बदल जाएगा और अंतिम 26-सदस्यीय टीम में जगह पाने के लिए उसकी दावेदारी पक्की हो जाएगी।"

फर्मिन लोपेज ने बार्सिलोना में एक सफल सीजन के बाद खुद को अनंतिम टीम में पाया और उनके क्लब टीम के साथी पाउ क्यूबर्सी, लैमिन यमल, पेड्रि और फेर्रन टोरेस भी टीम में जगह बनाने में सफल रहे। कोच ने कहा फर्मिन बहुत ऊंचे स्तर पर है, लेकिन हमें सतर्क रहना होगा। राष्ट्रीय टीम के साथ, कई खिलाड़ी एक और प्लस देते हैं और हमें यकीन है कि वह हमें दिखाएंगे कि वह कितने महान खिलाड़ी हैं। समय संबंधों को मजबूत करता है और मुझे लगता है कि यह टीम एक बहुत मजबूत बंधन वाला परिवार है। हमने एक बहुत ही एकजुट समूह बनाया है, जो इस चुनौती के लिए एक अच्छा आधार है।" स्पेन, जो यूरोपीय चैम्पियनशिप में क्रोएशिया, इटली और अल्बानिया के साथ ग्रुप बी में शामिल है, टूर्नामेंट से पहले अंडोरा और उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ अभ्यास खेल खेलेगा।

### यूरो कप के लिए टीम इस प्रकार हैः-

**गोलकीपर :** उनाई साइमन, एलेक्स रेमिरो, डेविड राया।

**डिफेंडर :** दानी कार्वाजल, जीसस नवास, आयमेरिक लापोर्टे, नाचो फर्नांडीज, रॉबिन ले नॉर्मैंड, पाउ कुबार्सी, दानी विवियन, एलेक्स ग्रिमाल्डो, मार्क कुकुरेला।

मिडफील्डरः रोड्रिगो, मार्टिन जुबिमेंडी, फैबियन रुइज, मिकेल मेरिनो, पेड्रि, मार्कोस लोरेंटे, एलेक्स गार्सिया, एलेक्स बेना, फर्मिन लोपेज।

**फॉरवर्ड :** अल्वारो मोराटा, जोसेलु, दानी ओल्मो, निको विलियम्स, मिकेल ओयारजाबल, अयोज पेरेज, फेरान टोरेस, लैमिन यमल।

## फ्रेंच ओपनः शुरूआती दौर में हारे नडाल



**पेरिस। एजेंसी**

14 बार के चैंपियन राफेल नडाल को सोमवार को पहली बार फ्रेंच ओपन के शुरूआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। पहले दौर में वह लगातार तीन सेटों में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए। वहीं, महिला वर्ग में गत चैंपियन इगा स्विएटेक ने फिलिप-चैटरियर कोर्ट में पहले दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर लेओलिया जीनजेन को हराया। चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने पहले दौर के सबसे रोमांचक मुकाबले में नडाल को 6-3, 7-6(5), 6-3 से हरा दिया, जो शायद टूर्नामेंट के 134 साल के इतिहास में इस चरण का सबसे उल्लेखनीय मुकाबला भी है। 27 वर्षीय जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव रोलांड-गैरोस में चौथे दौर से पहले नडाल को हराने वाले पहले खिलाड़ी बने और पेरिस की मिट्टी पर नडाल को हराने वाले तीसरे खिलाड़ी के रूप में रॉबिन सोडरलिंग और नोवाक जोकोविच की सूची में शामिल हो गए।

नडाल, कभी भी रोलांड-गैरोस में गैरवरीयता से नहीं खेला थे, और पहले दौर में कभी भी शीर्ष 10 खिलाड़ी का सामना नहीं किया था। वह फ्रेंच ओपन में कभी लगातार सेट नहीं हारे थे, लेकिन ज्वेरेव ने शानदार प्रदर्शन से यह सब बदल दिया। फिलहाल नडाल 2024 ओलंपिक खेलों के लिए पेरिस में वापस आने की योजना के साथ, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखना जारी रखेंगे। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जननिक सिनर ने भी सीधे सेटों में जीत हासिल की। इतालवी खिलाड़ी सिनर ने अमेरिकी क्रिस्टोफर यूबैंक्स को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### प्रज्ञानानंद ने आमार्गेडन में अलीरेजा को हराया

**स्टेवेंगर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट के पहले दौर में आमार्गेडन गेम में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में एक आसान ड्रा के बाद, प्रज्ञानानंद को सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए दस मिनट मिले, जबकि अलीरेजा के सात सेंकेड मिले, लेकिन शर्त यह थी उन्हें जीत दर्ज करनी थी, क्योंकि ड्रा होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते। भारतीय खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन कते हुए जीत दर्ज की। इस मुकाबले के अलावा महिला और पुरुष वर्ग में क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत सभी मैच ड्रा रहे और इस अनूठे प्रारूप में विजेता का फैसला करने के लिए छह आमार्गेडन बाजियों का सहारा लेना पड़ा। विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल में 14 चालों का ड्रा खेला और फिर मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के साथ 68 चालों का मैराथन ड्रा खेला।

## अन्तरर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के लिए तरस रहा कानपुर का ग्रीन पार्क स्टेडियम

- तीन साल पहले न्यूजीलैंड और भारत के बीच खेला गया था अंतिम अन्तरराष्ट्रीय मैच




**कानपुर। एजेंसी**

उत्तर भारत का प्रसिद्ध क्रिकेट स्टेडियम कहा जाने वाला ग्रीन पार्क ऐतिहासिक विरासत और दिग्गजों का गढ़ होने के बावूजद स्टेडियम में कई सालों से क्रिकेट मैच आयोजित नहीं हुआ। यहां पर अंतिम बार अन्तरर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच नवम्बर 2021 में भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच खेला गया था जो टेस्ट मैच था। वहीं साल 2009 से ग्रीनपार्क स्टेडियम में निर्माण कार्य में लगभग 70 से 75 करोड रुपये शासन की ओर से खर्च किए जा चुकें हैं। अब यहां पर मैच न मिलने से स्टेडियम ठूंठ बना खड़ा हुआ है। इससे क्रिकेट समर्थकों को भी निराशा होती है। ऐसे में शहर की जनता के मन में सबसे बड़ा सवाल यही रहता है कि आखिर ग्रीन पार्क में अब मैच क्यों नहीं होते जबकि पास ही लखनऊ शहर के इकाना स्टेडियम में क्रिकेट मैच होते रहते हैं।

ग्रीन पार्क स्टेडियम खेल विभाग के अंतर्गत आता है। मैचों के आयोजन में यूपीसीए की अहम भूमिका होती है। दोनों के बीच आंतरिक तौर पर कई टकराव भी सामने आ चुकें हैं जिनका खामियाजा क्रिकेट समर्थकों को भुगतना पड़ रहा है। सीधे तौर पर खेल विभाग या यूपीसीए के अधिकारियों ने मैच न आयोजित होने के सवालों पर चुप्पी साध रखी है।

ग्रीन पार्क के स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स में फुटबॉल से लेकर वॉलीबाल के लोकल मैच तो खूब आयोजित होते हैं लेकिन मुख्य क्रिकेट स्टेडियम पर केवल चुनिन्दा मैच ही आयोजित हो पा रहें हैं। इसके पीछे का विवाद मैदान आवंटन को लेकर भी माना जाता है और कुछ लोग इसे यूपीसीए के पदाधिकारियों की उदासीनता मान रहे हैं।

**आगे निकल गया इकाना स्टेडियम**

उल्लेखनीय है कि साल 2017 से पहले कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में मैच मिलना आसान माना जाता था। राज्य में ही अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम होने के चलते ग्रीन पार्क पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का ज्यादा ध्यान रहता था। साल दो साल में ग्रीन पार्क में मैच जरूर होते थे लेकिन 2017 से सब बदल गया। इसकी एक बड़ी वजह लखनऊ का इकाना स्टेडियम माना जा रहा है। साल 2017 में बनकर तैयार हुआ ज्यादा दर्शक क्षमता वाला इकाना स्टेडियम काफी अत्याधुनिक है। पहले मैच के बाद से ही पिछले पांच वर्षों में इकाना में तोबड़तोड़ मैच हो चुके हैं। दर्शक क्षमता और रेवेन्यू के लिहाज से इकाना के आगे ग्रीन पार्क पिछड़ा हुआ देखा जाता है।

ग्रीन पार्क में मैच न होने की अहम वजह अन्तरर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रहे अरविंद सोलंकी ने बताया कि ग्रीन पार्क में मैच न होने की एक बड़ी वजह टेक्नोलॉजी के मामले में स्टेडियम का पिछड़ना माना जाता है। देश के अन्य स्टेडियमों में जिम से लेकर हाईटेक ड्रेसिंग रूम्स, अत्याधुनिक लाइटिंग सिस्टम, 360 डिग्री कैमरा जैसी सुविधाएं मिलती हैं, उनके मुकाबले ग्रीन पार्क में ये सुविधाएं काफी कम पड़ जाती हैं। इन सबके बीच एक बड़ी समस्या खिलाड़ियों के ठहरने के लिए मानकों के अनुरूप हाईटेक होटल का न होना भी है। यूपीसीए के पदाधिकारी भी दबे मुंह इन कमियों को स्वीकार करते हैं। रणजी क्रिकेट खिलाड़ी रहे जफर आलम का कहना है कि स्टेडियम को लेकर यूपीसीए आधुनिकता के दावे तो कर रहा है लेकिन ग्रीनपार्क को आईपीएल और अन्तरराष्ट्रीय मैच नहीं मिलते।

# वाणिज्य

## कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव सेंसेक्स और निफ्टी में आई कमजोरी



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार दबाव में कारोबार करता नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। लेकिन बाजार खुलने के बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डिवीज लेबोरेट्रीज, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, एचडीएफसी लाइफ और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 2.86 प्रतिशत से लेकर 1.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अडाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, बजाज ऑटो, भारती एयरटेल और आईटीसी के शेयर 1.29 प्रतिशत से लेकर 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,140 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 739 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,401 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 194.90 अंक उछल कर 75,585.40 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही मुनाफावसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई।

## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के कारोबार के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल मामूली तेजी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का माहौल बना हुआ है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पॉजिटिव नोट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.70 प्रतिशत उछल कर 5,304.72 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 184.76 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 16,920.79 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,087.93 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान सीमित दायरे में कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,317.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,132.49 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,774.7 एक अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.21 डॉलर यानी 0.25 फीसदी की उछाल के साथ 83.30 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.19 डॉलर यानी 1.53 फीसदी बढ़कर 78.91 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## ज्यादा टीडीएस कटौती से बचने के लिए पैन को आधार से जोड़ें करदाता : आयकर विभाग

**नई दिल्ली। एजेंसी**

आयकर विभाग ने करदाताओं को ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए 31 मई, 2024 तक स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ने की सलाह दी है। आयकर विभाग ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए कृपया 31 मई, 2024 से पहले अपने स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ें, यदि आपने पहले से नहीं किया है। आयकर नियम के मुताबिक यदि पैन बायोमेट्रिक आधार से जुड़ा नहीं है, तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना आवश्यक है।

विभाग ने एक अन्य पोस्ट में बैंकों, विदेशी मुद्रा डीलर सहित रिपोर्टिंग संस्थाओं को दंड से बचने के लिए 31 मई, 2024 तक निर्दिष्ट वित्तीय लेनदेन का विवरण (एसएफटी) दाखिल करने को भी कहा है। आयकर विभाग ने कहा कि एसएफटी दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित है। ऐसे में सही और समय पर दाखिल अपना एसएफटी दाखिल कर दंड से बचें।

**क्या होता है टीडीएस**

स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) किसी व्यक्ति के खाते में राशि जमा होने से पहले उसके वेतन से काटा गया टैक्स है। इसको सरल शब्दों में आप कह सकते हैं कि टीडीएस एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें किसी व्यक्ति से उसके वेतन या अन्य आय के स्रोत पर कर लिया जाता है। टीडीएस का उद्देश्य आयकर का संग्रह करना और कर चोरी को रोकना है। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग ने पिछले महीने एक परिपत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि यदि निर्धारित तारीख 31 मई, 2024 तक अपने पैन को आधार से जोड़ा जाता है। तो कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके साथ ही एसएफटी अंतिम तिथि 31 मई, 2024 तक दाखिल करने की अपील की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### देहदान की घोषणा पर स्वर्णकार चेतना करेगा सोनू का सम्मान

**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी / बुगाला (सुमेर सिंह राव)** शेखावाटी के सीकर निवासी एक महिला का देहदान करने की घोषणा पर इनका दिल्ली में सम्मान किया जाएगा।रमेश मंडावरा ने बताया कि 2 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले स्वर्णकार समाज के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में सीकर की समाज सेविका सोनू पत्नी राकेश तोषावड का स्वर्णकार चेतना परिवार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में सम्मान किया जाएगा। सोनू तोषावाड़ ने पिछले दिनों देहदान करने का संकल्प लिया था।



### गुढ़ा में चिकित्सक के साथ मारपीट

**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)** निकटवर्ती गुढ़ागौड़जीकस्बे के निजी अस्पताल के संचालक डॉक्टर संदीप चौधरी के साथ मारपीट हुई। मंगलवार दोपहर को डॉक्टर संदीप चौधरी अपने कर्मचारी के साथ कहीं जा रहा था। अपने हॉस्पिटल से निकलते ही सचिन नाम का युवक पिकअप गाड़ी उनकी गाड़ी के आगे लगा दी। कुछ समय बाद भी साइड नहीं देने पर दोनो में आपसी कहासुनी हो गई। सचिन ने अपने भाई गुलशन को फोन कर वहा बुला लिया। उसके बाद सचिन और गुलशन दोनों ने डॉक्टर के साथ लाठियों से मारपीट की। डॉक्टर संदीप के कई जगह चोट आई। घटना की सूचना पर गुढ़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस पहुंचने से पहले ही आरोपी वहा से फरार हो गए थे। साथ ही डॉक्टर संदीप की गाड़ी की चाबी भी साथ ले गए। जिससे काफी समय तक गाड़ी बीच रास्ते में खड़ी रही। जिससे राहगीरों को भी परेशानी हुई। डॉक्टर संदीप चौधरी ने गुढ़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने डॉक्टर का गुढ़ा सीएचसी में मेडिकल करवाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।




### दौसा के 220 KV जीएसएस में लगी आग : गर्मी के कारण बिजली खपत से बढ़ा गया लोड



**चमकता राजस्थान। दौसा!** भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से ओवरलोड के कारण दौसा के 220 केवी जीएसएस में आग लग गई। सोमवार रात लगी आग पर कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए काबू पा लिया। जिससे आग विकराल रूप नहीं ले सकी और कोई अनहोनी नहीं हुई। लेकिन जीएसएस पर आग लगने से देर रात शहर में करीब एक घंटे तक बिजली गुल रही। इस फीडर से 132 तूंगा की सप्लाई की जा रही थी। इस दौरान अत्यधिक तापमान के कारण सिटी फीडर हिट हो गया और आग लग गई। इससे दौसा शहर सहित नांगल राजावतान व तूंगा की सप्लाई ठप हो गई। बिजली नहीं आने के कारण लोगों को रात में भीषण गर्मी में परेशान होना पड़ा। हालांकि बाद में लालसोट से तूंगा की सप्लाई चालू की गई। इसके बाद नांगल राजावतान व दौसा की सप्लाई भी रिस्टोर कर ली गई।
जिले में भीषण गर्मी का दौर जारी रहने से तापमान 48 डिग्री तक पहुंच गया है। गर्म लू के थपेड़े लोगों को बेहाल किए हुए हैं। तपती धूप में लोग घरों से बाहर कम ही निकल रहे हैं। ऐसे में ओवरलोड के कारण अघोषित बिजली कटौती ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं।ओवरलोड के कारण ही जीएसएस पर आग लगने की घटना हुई है।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग के सीटी डिविजनों में पेंडिंग वर्क ऑर्डरों पर अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाही




चमकता राजस्थान

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर के सीटी डिविजनों में कई टेंडरों में कार्य पूर्ण होने की तिथि निकलने के पश्चात भी अधिकारिक कार्रवाई नहीं कर रहे हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई वर्क ऑर्डरों में पिछले कई माह से तिथि निकल चुकी है लेकिन अधिकारी मिलीभगत के चलते ने तो ठेकेदारों पर पेनल्टी लगा रहे हैं न ही कार्य को वापस ले रहे हैं मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार टेंडर लेकर वर्क आर्डर जारी किए जाने की तिथि के पश्चात निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने के पश्चात भी पुरानी तिथियों में बिल बनाकर पैसा उठा लेते हैं, अधिकारियों को चाहिए की ऐसे ठेकेदारों की पहचान कर इस पर विराम लगाया जाए।
ऐसे कार्यों को सूचीबद्ध कर संबंधित ठेकेदार को फाइनल नोटिस जारी किया जाय। यदि इस नोटिस पर भी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जाय तो वर्क ऑर्डर निरस्त किया जावे। साथ ही इनको ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाय। इसके साथ ही ठेका शर्तों का उल्लंघन करने पर अमानत और अंतर की राशि को सीज करने का आदेश दिया ज़ावे। साथ ही जिन ठेकेदारों ने वर्कऑर्डर मिलने के बाद फिजिकली काम शुरू नहीं किया उनका वर्क ऑर्डर रद्द किया जावे।

चमकता राजस्थान की ख़बर का असर

## सार्वजनिक निर्माण विभाग के ट्विटर (X) हैंडल से पूर्व मुख्यमंत्री की हटायी फ़ोटो







चमकता राजस्थान

**जयपुर।** चमकता राजस्थान में छपी ख़बर जिसमें अब तक सार्वजनिक निर्माण विभाग के ट्विटर (X) हैंडल पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा मंत्री भजनलाल जाटव की फोटो लगी हुई है छपने के पश्चात विभाग में सक्रियता आयी और आनन फ़ानन में ट्विटर (X)हैंडल से दोनों की तस्वीर हटा दी गई है मिली जानकारी के अनुसार मामला मंत्री तक पहुँचने के पश्चात उन्होंने अधिकारियों से जवाब जवाब तलब किया और उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्री की फ़ोटो हटाने के निर्देश दिए जिस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने ट्विटर हैंडल से फ़ोटो हटा दी

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जनता की मूलभूत समस्या समाधान के लिए महामहिम से हस्तक्षेप करने का किया आग्रह

चमकता राजस्थान



**अत्री कुमार दाधीच/जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रातः राजभवन में राज्यपाल महोदय से शिष्टाचार भेंट कर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा राजस्थान में भीषण गर्मी में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को पेयजल एवं बिजली उपलब्ध करवाने में विफल रहने पर हस्तक्षेप करने का निवेदन करते हुए समस्या के निदान हेतु राज्य सरकार को निर्देश जारी करने का आग्रह किया।
डोटासरा ने राजस्थान की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी से जनता त्रस्त है किन्तु प्रदेश सरकार जनता को आवश्यकता अनुसार पेयजल एवं बिजली की निर्बाध सप्लाई करने में असफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने भीषण गर्मी का पूर्वानुमान होने पर भी पानी एवं बिजली प्रदेशवासियों को उपलब्ध करवाने हेतु समय रहते कन्टीनजेन्सी प्लान नहीं बनाया तथा अब आचार संहिता लगने का बहाना बनाकर राजस्थान सरकार के मंत्री उल-जूलूल बयानबाजी कर रहे है, जो दर्शाता है कि राजस्थान सरकार के पास इस समस्या के निदान के लिए कोई विशेष कार्ययोजना उपलब्ध नहीं है। डोटासरा ने कहा कि जब भीषण गर्मी में पेयजल तथा बिजली की अनुपलब्धता के कारण प्रदेशभर में हाहाकार मचा हुआ है तो प्रदेश सरकार माननीय चुनाव आयोग से अनुमति लेने की बात कर रही है जबकि आकस्मिक आपदा के लिए कई माह पूर्व आचार संहिता लगने से पहले ही सरकार को कन्टीनजेन्सी प्लान बनाना चाहिए था तथा अब अनुमति मांगने की बजाए चुनाव आयोग से तो पूर्व में भी अनुमति ली जा सकती थी, किन्तु भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता एवं भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण अन्य प्रदेशों में लोकसभा चुनाव में प्रचार करते रहे और प्रदेश की समस्याओं की अनदेखी की जाती रही।
डोटासरा ने कांग्रेस के ब्लाॅक अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, पंचायत राज जनप्रतिनिधि, निकाय जनप्रतिनिधियों, प्रभारी पदाधिकारियों को निर्देश प्रदान किए है कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में आमजनता के बीच जाकर पानी, बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की समस्या से ग्रस्त क्षेत्रवासियों की समस्याओं का अधिकारियों पर दबाव बनाकर निदान करवायें। उन्होंने कहा कि यदि राजस्थान सरकार तुरन्त प्रदेशवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं बिजली एवं पानी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम नहीं उठायेगी तो प्रदेश कांग्रेस भाजपा सरकार के विरूद्ध बड़ा आंदोलन प्रारम्भ करेगी।

## कांग्रेस के बिजली बैंकिंग समझौते का दंश झेल रहा प्रदेश, तथ्यों को छिपाकर अपने पापों को कब तक ढकेगी कांग्रेस: लक्ष्मीकांत भारद्वाज

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता आज बिजली आपूर्ति पर अनर्गल बयानबाज़ी कर तथ्य छिपा रहे हैं। पिछली कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री गहलोत ने दूसरे राज्यों से बैंकिंग समझौता कर बिजली ली थी। इस समझौते के चलते आज इस भीषण गर्मी में भाजपा सरकार को 147 लाख यूनिट बिजली प्रतिदिन दूसरे राज्यों को लौटानी पड़ रही है। कांग्रेस सरकार में बिजली उत्पादन करने वाले हाइड्रो और थर्मल पावर प्लांट की दुर्दशा हुई। प्रदेश के 10 थर्मल व हाइडल प्लांट और 3 अन्य पॉवर प्लांट जिनकी कैपेसिटी 8597.35 मेगावाट बिजली उत्पादन की है, लेकिन कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के चलते यह उत्पादन घटकर महज 3500 से 4000 मेगावाट पर आ गया।
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार में उनकी ही सरकार के एक मंत्री अशोक चांदना को बिजली की मांग को लेकर बूंदी कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठ गए थे। कांग्रेस पार्टी को उनकी सरकार के समय बिजली की बदतर स्थिति को याद रखना चाहिए। भाजपा की भजनलाल शर्मा सरकार ने आते ही इस संकट को समझा और केंद्र की ऊर्जा कंपनियों के साथ 2 लाख 24 हजार करोड़ का एमओयू साईन किया जिससे कि प्रदेश की जनता को भविष्य में बिजली संकट का सामना ना करना पड़े। एक अच्छी मंशा के साथ भाजपा की मजबूत सरकार ने काम करना शुरू किया है, सरकार का सहयोग करने की बजाय कांग्रेस पार्टी के लोग राजनीति कर रहे हैं, जो कि बेहद निंदनीय है।
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते डिमांड सप्लाई के बीच जो गैप पैदा हुआ है, इसको सुधारने के लिए प्रदेश की भजनलाल शर्मा सरकार पूरे प्रयास कर रही है। पिछली कांग्रेस सरकार के समय सितंबर माह में कम विद्युत डिमांड होने के बाद भी प्रदेश में बिजली संकट के चलते ब्लैक आऊट जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। वहीं अकेले जयपुर डिस्कॉम के करीब 12 जिलों में पांच हजार से ज्यादा ट्रांसफार्मर खराब पड़े हुए थे। आज वही कांग्रेस के नेता बिजली के नाम पर घटिया राजनीति कर वाहवाही बंटोरना चाहते हैं।

## 8वी सीनियर महिला/पुरुष राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

- **पुरुष वर्ग में जयपुर एवं महिला वर्ग में टोंक रही विजेता**

चमकता राजस्थान




जयपुर। राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के तत्वाधान में बाड़मेर रग्बी फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित 8वी राज्य स्तरीय सीनियर महिला/पुरुष रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। जिसमे पुरुष वर्ग में जयपुर एवं महिला वर्ग में टोंक विजेता रही !
राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के प्रदेश सचिव कुलदीप सिंह राजावत ने बताया की बाड़मेर रग्बी फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित 8वी राज्य स्तरीय सीनियर महिला/पुरुष रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ! जिसमे प्रदेश भर से कुल 33 टीमों ने भाग लिया है। जिसमे महिला वर्ग में 14 व पुरुष वर्ग में 19 टीमों ने भाग लिया है । राजावत ने बताया की 2 दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन स्वरूप सिंह स्टेडियम बालोतरा में किया गया था जिसमें पुरुष वर्ग में जयपुर विजेता रही और टोंक उपविजेता रही तथा सीकर तृतीय स्थान पर रही। साथ ही महिला वर्ग में टोंक विजेता एवं जयपुर उपविजेता और नागौर तृतीय स्थान पर रही है।
राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ केप्रदेशाध्यक्ष पण्डित सुरेश मिश्रा ने फ्रांस से बाड़मेर रग्बी संघ केसफल आयोजन के लिए राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के सभी पदाधिकारी एवं विजेता व उपविजेता सहित सभी टीमों को बधाई दी। इस अवसर पर बीजेपी के ब्लॉक अध्यक्ष भवानी सिंह महेचा, मोहन महेचा, राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष जितेश कुमार, रविन्द्र सिंह धीरावत, संयुक्त सचिव गौरव कुमार सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## भाजपा नेता रवि नैय्यर ने प्रमुख नेताओं से की मुलाकात, बूथ कार्यकर्ताओं की मीटिंग में दिया, 'मेरा बूथ - सबसे मजबूत' का मंत्र

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** भाजपा नेता रवि नैय्यर ने गुरदासपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी दिनेश सिंह बब्बू के समर्थन में घर घर जाकर मतदाताओं से सघन जनसंपर्क किया तथा डेरा बाबा नानक एवं फतेहपुर चूड़ियां दादू जोड़ विधानसभा क्षेत्रों में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर मतदान दिवस की तैयारियों पर चर्चा की।
रवि नैय्यर ने कार्यकर्ताओं को 'मेरा बूथ - सबसे बजबूत' के मंत्र के साथ काम करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि 4 जून को एक बार फिर देश में मोदी जी के नेतृत्व में रिकॉर्ड बहुमत से केंद्र में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। देशवासियों को विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत विकसित राष्ट्र के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले दस वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया में एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र बना है और अगले पांच साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि भारत के विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर इस यज्ञ में आहुति देने के लिए लोगों को प्रेरित करें। अपने अपने बूथ पर अधिक अधिक से मतदान करवाएं और गुरदासपुर से दिनेश सिंह बब्बू को भारी मतों से जीत दिलवा कर केंद्र में मोदी जी के हाथ मजबूत करें।
जनसंपर्क के दौरान भाजपा नेता रवि नैय्यर ने पंजाब के पूर्व स्पीकर निर्मल सिंह काहलों के सुपुत्र पूर्व विधायक रवि करन सिंह काहलों से उनके निवास पर भेंट की। जम्मू कश्मीर के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्रजीत सिंह राजू पंडित, हरप्रीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ एवं प्रमुख कार्यकर्ता भी साथ रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929